




बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 02 मई 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 94 | मूल्य - 5 रुपये














## जौनपुर में बारात लेकर जा रहे दूल्हे की गोली मारकर हत्या, पुलिस ने छापेमारी शुरू की

**जौनपुर (भाषा)।** उ.प्र. के जौनपुर जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव के पास शुक्रवार शाम बारात लेकर जा रहे एक दूल्हे की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक दूल्हे की पहचान सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बड़उर गांव निवासी आजाद बिंद (27) पुत्र राम लखन बिंद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शाम करीब सात बजे बारात खेतासराय के बीबीपुर के पास पहुंची थी। तभी एक मोटर साइकिल पर सवार नकाबपोश बदमाश अचानक वहां पहुंचे और दूल्हे की गाड़ी से आगे निकल कर आजाद पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि गोली लगते ही दूल्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाश मौके से फरार हो गए। बाराती घायल दूल्हे को जिला अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। श्रीवास्तव ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### वोटों की गिनती के दौरान सुपरवाइज़र की नियुक्ति को लेकर

# टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनाव आयोग के बड़े फैसले को त्वरित चुनौती, सुनवाई आज..

**कोलकाता/नई दिल्ली।** ***पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने वोटों की गिनती के दौरान सुपरवाइज़र की नियुक्ति को लेकर चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए अब सुप्रीम कोर्ट ऑफइंडिया का रुख किया है।***




टीएमसी ने इससे पहले इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी मांग को खारिज कर दिया था और राहत देने से इनकार कर दिया था। अब उसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, रविवार को छुट्टी के बावजूद सुप्रीम कोर्ट की 2 जजों की बेंच सुबह 10:30 बचे से केस की सुनवाई करेगी। सीजेआई ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं। टीएमसी की याचिका को जस्टिस पमिदिघनतम श्री नरसिम्हा और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष आज सूचीबद्ध किया जाएगा।

### आखिर किस बात को लेकर विवाद

पूरा विवाद चुनाव आयोग के उस निर्णय को लेकर है, जिसमें कहा गया है कि वोटों की गिनती के दौरान केवल केंद्र सरकार और पब्लिक सेक्टर यूनिट्स के कर्मचारियों को ही काउंटिंग सुपरवाइज़र और असिस्टेंट के रूप में तैनात किया जाएगा। टीएमसी का कहना है कि इस फैसले से राज्य सरकार के कर्मचारियों को पूरी तरह बाहर कर दिया गया है, जो निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। वहीं, कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में चुनाव आयोग के इस आदेश को वैध बताया था। कोर्ट ने कहा था कि काउंटिंग प्रक्रिया में कोई अवैध हस्तक्षेप नहीं किया गया है और यह नियुक्ति चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आती है। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि चुनाव आयोग की हैंडबुक के नियम केवल राज्य कर्मचारियों के चयन को सीमित नहीं करते। इसके अलावा माइक्रो ऑब्जर्वर, एजेंट्स और सीसीटीवी जैसी व्यवस्थाएं पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करती हैं, जिससे अनियमितताओं की आशंका कम हो जाती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि एडिशनल चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत वैध अधिकार प्राप्त हैं, इसलिए उनका आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर नहीं है। हाईकोर्ट ने यह आशंका भी खारिज कर दी थी कि केंद्र सरकार के कर्मचारी राजनीतिक रूप से प्रभावित हो सकते हैं। कोर्ट ने कहा था कि काउंटिंग हॉल में कई पक्ष मौजूद रहते हैं और सीसीटीवी ऑब्जर्वर तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं पारदर्शिता सुनिश्चित करती हैं। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि बिना सबूत के लगाए गए आरोप केवल आशंकाएं हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान दखल देना उचित नहीं है।







**क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..**

जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन मे, संपर्क करें.. मो. 9329033433


# सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से परेशान बालाघाट की छात्राओं को लेकर संचालनालय पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी..

### 8 महीनों से दर दर की ठोकरें खा रही छात्राओं की मांग को रखा अधिकारी के समक्ष, शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से भी की बात..

### संचालनालय अधिकारी ने दिया सरदार पटेल कॉलेज पर कार्रवाई का आश्वासन..



**जगप्रेरणा बालाघाट।** ***बालाघाट जिले के ग्राम डोंगरिया में विगत अनेक वर्षों से संचालित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ने अनेक छात्राओं को नर्सिंग में प्रवेश देकर उनसे लाखों रुपये की तगड़ी फीस तो वसूल ली, लेकिन जिन छात्राओं को प्रवेश दिया, उन छात्राओं को प्रवेश देने के बाद जब उन्होंने परीक्षा दी और परीक्षा पास भी कर ली, तो उन अनेक छात्राओं को नर्सिंग काऊंसिल से प्राप्त होने वाला रजिस्ट्रेशन नंबर प्रदान नहीं करवाया, जो कि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की जिम्मेदारी थी। सरदार पटेल द्वारा छात्राओं के भविष्य से किये***

जा रहे खिलवाड़ को लेकर बालाघाट, सिवनी एवं गोंदिया जिले की ये छात्राएं आखिरकार विवश होकर अपना धन, समय खर्च करते हुए अपनी लड़ाई लड़ने यूवा नेता सौरभ लोधी के मार्गदर्शन में भोपाल पहुंची, और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी से मुलाकात की, तब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी ने ना सिर्फ सभी छात्राओं की समस्या को गौर से सुना, बल्कि छात्राओं के बड़े मददगार बनते हुए जीतु पटवारी स्वयं सभी छात्राओं को साथ लेकर नर्सिंग काऊंसिल के संचालनालय पहुंचे, और यहां उन्होंने छात्राओं की संबंधित शिकायतों को लेकर विभाग से सीधे बात की, तो वहीं उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से भी छात्राओं को लेकर मिलने पहुंचे, और छात्राओं के पंजीयन संबंधी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने एवं सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के द्वारा छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किये जाने के मामले में कार्यवही की भी मांग की।

### संचालनालय में छात्राओं के समक्ष जीतु पटवारी ने की सीधी बात..

गौरतलब है कि छात्र राजनीति से आगे बढ़ते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी बने, तो उनकी आक्रामकता में कोई फर्क नहीं आया, तथा यही नजर आया जब जीतु पटवारी छात्राओं के साथ संचालनालय पहुंचे, और उन्होंने अधिकारी से बात की, तथा एक सप्ताह के भीतर छात्राओं की समस्या के समाधान का वादा किया।

### सरदार पटेल कॉलेज वैलिड नही है..

गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी छात्राओं को लेकर पहुंचे, जिस पर सर्वप्रथम छात्राओं ने चार साल में एडमिशन फीस और परीक्षा तक की जानकारी दी, तो वहीं बताया कि उन्हें कोर्स के बाद अब नर्सिंग काऊंसिल का रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं दिया जा रहा है। यूनिवर्सिटी के द्वारा हमें टाला जा रहा है, और हमारे भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिस पर जीतु पटवारी ने यह कहा कि इन छात्राओं को नर्सिंग की पढाई के बाद यह पता चला कि यह कॉलेज ही वैलिड नहीं है, जिस पर जिम्मेदारी अब किसकी है, सरकार की है, विभाग की है, या फिर अब छात्राओं के साथ न्याय कौन करेगा, जिस पर विभाग की ओर से महिला अधिकारी ने कहा कि निश्चित ही कॉलेज की जिम्मेदारी है, और कॉलेज को नोटिस दिया जायेगा, तथा कॉलेज पर कार्यवाही की जायेगी।

### महिला अधिकारी ने कहा, दिसंबर से अब तक दस्तावेज नही दे पा रहा कॉलेज..

गौरतलब है कि जीतु पटवारी की उपस्थिति में महिला अधिकारी ने कहा कि छात्राओं की कोई गलति नहीं है, और छात्राओं को रजिस्ट्रेशन संबंधी सहयोग जरुर किया जायेगा, वहीं उन्होंने यह भी बताया कि दिसंबर से सरदार पटेल कॉलेज को दस्तावेज जमा करने कहा गया है, लेकिन उनके द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है। जो आवश्यक दस्तावेज हैं वे तो कॉलेज को देने ही होंगे। महिला अधिकारी ने यह भी कहा कि इस मामले में सारी गलतियां सरदार पटेल कॉलेज की है, तथा वो ये नहीं बताएंगे कि उनकी गलती है। महिला अधिकारी ने यह भी कहा कि सरदार पटेल कॉलेज से एनओसी मांगी गई, लेकिन उन्होंने एनओसी नहीं दी। अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि सबकुछ वैलिड होता तो एनओसी देने में कोई दिक्कत नहीं होती, मतलब सीधे तौर पर कॉलेज की कमियां है। महिला अधिकारी ने छात्राओं से लिखित शिकायत करने की भी बात कही, तथा आश्वासन दिया कि कॉलेज पर कार्यवाही की जायेगी।

### अनेको शिकायते सुर्खियो मे है सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को लेकर..

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है कि जब सरदार पटेल कॉलेज और सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से संबंधित कोई शिकायत सुर्खियों में है। हाल ही में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के दो डॉक्टरों डॉ. हितेश कावडे और डॉ. श्रृष्टि जैन के द्वारा इलाज में लापरवाही के कारण मरीज के कोमा में चले जाने के कारण इन दोनों डॉक्टरों पर बीएनएस की धारा 125(बी) के तहत केस दर्ज किया है। जबकि वहीं इसके अलावा सरदार पटेल ग्रुप द्वारा ही संचालित एसएम देव होम्योपैथिक कॉलेज की छात्राओं को भी बीते दो ढाई साल से परमानेंट रजिस्ट्रेशन प्रदान नहीं किया जा रहा है। सरदार पटेल यूनिवर्सिटी बालाघाट कैम्पस में विगत दिनों एक युवक की मौत का मामला भी सुर्खियों में रहा, तो वहीं बाहर के अनेक राज्यों के विद्यार्थियों को प्रवेश देकर डिग्रीयां बांटे जाने के संदर्भ में भी सरदार पटेल यूनिवर्सिटी चर्चा में है।

**सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के संदर्भ में प्राप्त हो रही शिकायतों का सिलसिला भी शुरु है, तथा आने वाले दिनों में जगप्रेरणा द्वारा संपूर्ण विस्तृत रिपोर्ट पेश की जायेगी, वहीं संबंधित मामले में छात्राओं की परेशानियों के साथ ही अब देखना होगा कि संचालनालय द्वारा सरदार पटेल यूनिवर्सिटी पर क्या कार्रवाई की जायेगी, तो वहीं जो दावे सरदार पटेल यूनिवर्सिटी द्वारा किये जा रहे हैं कि छात्राओं को एक सप्ताह में उनके रजिस्ट्रेशन प्रदान कर दिये जाएंगे तो देखना होगा कि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी कब तक अपने कथन पर पूरा खरा उतर पाती है।**







शनिवार 02 मई 2026

2



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क –
9329033433

# टूटी हॉकी से की शुरुआत, अब एशिया कप में चमकेगी सिवनी की बेटी नौशीन

जगप्रेरणा सिवनी।

***सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की मिसाल बनीं सिवनी की 15 वर्षीय हॉकी खिलाड़ी नौशीन नाज अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना हुनर दिखाने जा रही हैं। आगामी 29 मई को जापान में आयोजित***



होने वाले एशिया कप में उनका चयन हुआ है, जिससे पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। नौशीन का सफर बेहद संघर्षपूर्ण रहा है। हड्डी गोदाम क्षेत्र निवासी नौशीन ने महज 10 वर्ष की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया। आर्थिक तंगी के कारण उनके परिवार के लिए नई हॉकी खरीदना संभव नहीं था। ऐसे में नौशीन ने हार नहीं मानी और एक परिचित से मिली टूटी हॉकी को ठीक कराकर उसी से अभ्यास शुरू किया। उनकी लगन और मेहनत ने उन्हें लगातार आगे बढ़ाया।

नौशीन की प्रतिभा ने जल्द ही उन्हें ग्वालियर की हॉकी अकादमी तक पहुंचा दिया, जहां उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2025 में हैदराबाद में सिल्वर मेडल जीतने के बाद हाल ही में रांची (झारखंड) में भी रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में आयोजित वेस्ट जोन प्रतियोगिता में उन्होंने गोल्ड मेडल जीतकर अपनी क्षमता साबित की।

नौशीन का परिवार भी उनकी सफलता की बड़ी ताकत रहा है। पिता अहफाज खान ने अपनी तीनों बेटियों–तहूर नाज, नौशीन नाज और तवारिक नाज–को हॉकी खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। तीनों बेटियां आज हॉकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी हैं और प्रदेश स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं।

नौशीन वर्तमान में सब-जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में सेंटर फॉरवर्ड के रूप में खेलती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर न्यू लोगो ने उनके घर पहुंचकर सम्मान किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नौशीन की कहानी यह साबित करती है कि मजबूत इरादों के आगे संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बन सकती।

# गर्मी के मौसम में खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त, लस्सी और मैंगो शेक के नमूने लिए..

जगप्रेरणा सिवनी।

***सिवनी में कुछ खाद्य प्रतिष्ठान नियमो को ताक में रखकर खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। जिनपर अंकुश लगाने का प्रयास पुलिस कर रही है।***






गुरुवार दोपहर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने कई स्थानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल जांच के हेतु लिए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की अधिकारी सोनू तिवारी ने बताया कि सिवनी कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गुरुवार 30 अप्रैल को शहर में गर्मी के मौसम को देखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा गर्मी के दौरान फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम करना है।

कार्रवाई के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित अस्थायी खाद्य दुकानों, विशेष रूप से लस्सी एवं मैंगो शेक विक्रेताओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जरत नाका स्थित छपरा लस्सी सेंटर से लस्सी का नमूना लिया गया। वहीं बस स्टैंड क्षेत्र के सनी जूस सेंटर से मैंगो शेक का नमूना संग्रहित किया गया। इसके अलावा आनंद लस्सी सेंटर से भी लस्सी एवं मैंगो शेक के नमूने जांच के लिए लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि इन नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जहां उनकी गुणवत्ता और शुद्धता की जांच की जाएगी। यदि किसी प्रकार की मिलावट या मानकों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसी दौरान टीम ने हड्डी गोदाम स्टेट क्षेत्र में विभिन्न फल विक्रेताओं के गोदामों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि फलों को पकाने के लिए प्रतिबंधित कार्बाइड का उपयोग न करें, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अधिकारियों ने बताया कि एथिलीन गैस के माध्यम से फलों को पकाना नियमानुसार मान्य है और इसका उपयोग सुरक्षित माना जाता है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल स्वच्छ और प्रमाणित दुकानों से ही खाद्य पदार्थ खरीदें तथा किसी भी प्रकार की मिलावट या गड़बड़ी की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। विभाग द्वारा आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# धन्य हुई छपारा नगरी: श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी पहुँचे अपने प्रिय शिष्य के घर

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

जगप्रेरणा छपारा।

***सत्य सनातन धर्म के सर्वश्रेष्ठ ध्वजवाहक देश ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में सत्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार एवं भारतवर्ष को हिंदू राष्ट्र हेतु अग्रणी भूमिका निभाने***



वाले श्री श्री 1008 श्री बागेश्वर धाम सरकार से पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी अपने प्रिय शिष्य ठाकुर मणिरत्न सिंह (प्रशांत ट्रेडर्स) के निज निवास छपारा कला पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया. शास्त्री जी रात्रि लगभग 1.30 बजे नागपुर से जबलपुर जाते समय सदगुरुदेव भगवान का आगमन हुआ।

गुरुजी लगभग एक घंटे घर पर रुके गुरूजी द्वारा परिजनों सहित वहां उपस्थित हजारों की संख्या में भक्तों को दर्शन लाभ सत्संग एवं सभी को अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया गया।

# आकाशिय बिजली की चपेट में आया युवक हुआ घायल..

जगप्रेरणा उगली।

***गत दिवस अचानक मौसम ने करवट ले लिया, जिसके कारण तेज आंधी हवा और गरज चमक के साथ बिजली और कहीं-कहीं पर चना, बटाना आकार के ओले भी गिरे,***

सिवनी जिले के अंतर्गत पुलिस थाना उगली क्षेत्र के ग्राम सरेखा खुर्द ग्राम पंचायत बेलगांव के अंतर्गत धीरसिंह ऊइके 50 वर्षीय व्यक्ति अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था, दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज गर्जना के साथ में आकाशीय बिजली गिरने से युवक उसके चपेट में आ गया प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार इस प्राकृतिक आपदा में घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाया गया जहां से जिला अस्पताल बालाघाट के एक निजी चिकित्सालय में घायल व्यक्ति का इलाज जारी है, प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यक्ति अपने खेत में कार्य कर रहा था तभी दूर आकाशीय बिजली गिरने के कारण वह घायल हो गया वर्तमान में अचानक मौसम का मिजाज बदलने से तेज हवा तूफान के साथ कहीं-कहीं बारिश और ओले भी गिरने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार-पांच मई तक मौसम खराब रहने की आशंका है, सावधानी और बचाव के आधार पर लोग कृषि कार्य के साथ-साथ अपना बचाव करें और सुरक्षित रहे।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भ्रष्टाचार और लापरवाही:

# एल एंड टी विभाग ने खोदा 'मौत का गड्ढा', ग्रामीणों में भारी आक्रोश..

जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।

***कलारबाकी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी चमचमाती सड़क अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है।***



एल एंड टी विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते कान्हीवाड़ा-कलारबाकी मार्ग पर स्थित ड्यूटी गांव के काली मंदिर के सामने सड़क के बीचों-बीच एक विशालकाय गड्ढा खोद दिया गया है, जिससे क्षेत्र में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।मिली जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा ड्यूटी गांव के पास काली मंदिर जैसी व्यस्त जगह पर लगभग 6/6 फीट का गहरा गड्ढा खोदा गया था। कार्य पूरा होने के बाद विभाग ने इसे नियमानुसार पक्का करने के बजाय केवल मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी।

## बढ़ रही हैं दुर्घटनाएं..

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के बीचों-बीच खोदे गए इस गड्ढे और उसके ऊपर डाली गई ढीली मिट्टी के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। रात के समय खतरा स्ट्रीट लाइट की कमी और अचानक सामने आए इस गड्ढे के कारण रात में सफर करना जानलेवा साबित हो रहा है। धूल और फिसलन मिट्टी के कारण उड़ती धूल और हल्की बारिश में होने वाली फिसलन ने राहगीरों की मुश्किलें दोगुनी कर दी हैं।

## ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी..

एल एंड टी विभाग की इस कार्यप्रणाली से कान्हीवाड़ा और ड्यूटी गांव के ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर बनाई गई सड़क को बिना किसी ठोस योजना के खोदा गया और अब उसे भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

# उच्च न्यायालय कलकत्ता के मुख्य न्यायाधिपति के सिवनी आगमन पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर..

जगप्रेरणा सिवनी।

***उच्च न्यायालय कलकत्ता के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री सुजॉय पाल जी (राज्य अतिथि) के सिवनी आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर सिवनी स्थित विश्राम भवन में उन्हें गार्ड ऑफऑनर प्रदान किया गया।***



निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे जबलपुर से प्रस्थान कर सिवनी पहुंचे, जहां संक्षिप्त विश्राम के दौरान अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सतीश चन्द्र राय, कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता की उपस्थिति रही।

# जनगणना 2027, मकान सूचीकरण का आगाज, घर-घर दस्तक देंगे कर्मचारी..

## कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अपील–सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें..

जगप्रेरणा सिवनी।

***01 मई 2026/जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में आज से मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है।***

यह महत्वपूर्ण कार्य 30 मई 2026 तक सतत रूप से संचालित किया जाएगा। इस चरण में नियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर पहुंचकर प्रत्येक मकान, उसमें निवासरत परिवारों तथा अन्य आवश्यक सामाजिक-आर्थिक जानकारियों का संकलन करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्य के दौरान किसी भी नागरिक को असुविधा न हो तथा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण डाटा संकलन किया जाए। जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की शासकीय योजनाओं, संसाधनों के समुचित वितरण तथा विकास कार्यों की रूपरेखा तय करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।

उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि जब प्रगणक उनके घर पहुंचे, तो उन्हें सही, पूर्ण एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं नीति निर्धारण के लिए ही किया जाता है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से यह भी अपेक्षा की है कि वे प्रगणकों का सहयोग करते हुए निर्धारित प्रक्रिया को सुगम बनाएं, ताकि जनगणना कार्य समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

# सिवनी जिले में अप्रेल माह में चलाया गया विशेष आपरेशन मुस्कान अभियान

जगप्रेरणा सिवनी।

***दिनाँक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक पुलिस मुख्यालय द्वारा नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष मुस्कान अभियान चलाया जाकर दस्तयाबी सुनिश्चित किये जाने के आदेश के पालन में जिला सिवनी में विशेष मुस्कान अभियान अंतर्गत गुमशुदा एवं अपहृत नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाया गया।***

अभियान के दौरान जिले अंतर्गत सभी थानो द्वारा टीम गठित कर लगातार अथक प्रयास करते हुये विभिन्न राज्यों जैसे महाराष्ट्र, गुजरात, चैन्नई, तेलंगाना, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के छिन्दवाडा, मंडला, बालाघाट, कटनी, नरसिंहपुर में लगातार प्रयास करते हुये उपरोक्त विभिन्न स्थानों पर सर्च आपरेशन चलाया गया। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये माह अप्रैल में चलाये गये आपरेशन मुस्कान अंतर्गत कुल 41 नाबालिग बालक-बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया गया। दस्तयाब किये गये सभी नाबालिग बालक-बालिकाओं की आवश्यक काउंस्लिंग एवं चिकित्सीय परीक्षण उपरांत उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया। बाल मनोभावो को समझने, उचित व्यवस्था, परामर्श व विधिक सहायता हेतु नाबालिग बालक-बालिकाओं को बाल कल्याण समीति **(CWC)** के सामने प्रस्तुत किया गया। अभियान अंतर्गत कुछ मामलो में विधिक कार्यवाही भी की गई जिसमें संबंधित आरोपियों के विरूध्द कानूनी कार्यवाही कर विवेचना जारी है।

जिला पुलिस सिवनी आमजन से अपील करती है कि किसी बालक-बालिका के गुम होने उपरांत महत्वपूर्ण सूचना या नाबालिग बालक-बालिकाओं से संबंधित आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस को सूचित करें। नजदीकी थाने या चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098, डायल 112 व कंट्रोल रूम सिवनी मो.नं. 9479998001, 7587622616 पर सूचित करें।

# किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार, 23 मई तक बढ़ी गेहूं खरीदी तिथि - प्रदीप राय

जगप्रेरणा सिवनी।

***भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रदीप राय ने कहा है कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता में किसान सर्वोच्च स्थान पर हैं और किसी भी किसान को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।***

उन्होंने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों की चिंता करते हुए गेहूं उपार्जन पंजीयन (स्लाट बुकिंग) की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी है। साथ ही स्पष्ट किया है कि किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। और सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसान 23 मई तक स्लाट बुक कर सकते है और यदि आवश्यकता हुई तो इस तिथि को आगे भी बढाया जा सकता है । प्रदीप राय ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही परेशान हों। सरकार पूरी पारदर्शिता और प्राथमिकता के साथ खरीदी सुनिश्चित कर रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। किसानों की उपज की समय पर तुलाई और भुगतान सुनिश्चित किया जाए। विज्ञप्ति में बताया गया कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया और पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त बारदाना, तकनीकी संसाधन और स्टाफउपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि आवश्यकता हुई तो उपार्जन अवधि को आगे भी बढ़ाया जा सकता है, ताकि कोई भी किसान अपनी उपज बेचने से वंचित न रहे। प्रदीप राय ने दोहराया कि राज्य सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।




न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# मासुम हिना खान के हत्यारों को गिरफ्तार करे पुलिस नही तो मुस्लिम समाज और सर्व समाज करेगा उग्र आंदोलन - रहीम खान

## अंजुमन शादी हॉल में मुस्लिम समाज ने भरवेली थानाप्रभारी से चर्चा कर दी आंदोलन की चेतावनी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला मुख्यालय से छह कि.मी. दूर भरवेली के हीरापुर में 27 अप्रैल की सुबह मजदूर पिता की इकलौती 15 वर्षीय बेटी हिना खान का शव उसके घर के पास ही बरामद***

हुआ। इस मामले में सीसीटीवी कैमरे में मृत्यु के दो घंटे पहले नाबालिग दो युवकों के साथ मोटर सायकिल पर बैठी बैठकर जाती दिखाई दी थी। सीसीटीवी फुटेज में दो युवकों के दिखाई देने के बाद भी भरवेली पुलिस पर आरोप है कि उक्त युवकों से पूछताछ के बाद भरवेली पुलिस ने युवकों को छोड़ दिया, तथा युवकों से सख्त पूछताछ नहीं कर हिना की हत्या के मामले को ठंडे बस्ते में डालने का काम किया जा रहा है। इस घटना को लेकर 4 दिन बीत जाने के बाद भी मृतका को इंसाफ नहीं मिलने से आक्रोशित होकर आज बालाघाट शहर के अंजुमन शादी हॉल में मुस्लिम समाज के प्रमुख नेताओं द्वारा भरवेली थानेदार पन्द्र को बुलवाकर उनसे चर्चा कर मासूम मृतका हिना खान की हत्या मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई, तथा कार्रवाई नहीं करने पर मुस्लिम समाज एवं सर्व समाज द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

### बोले रहीम खान..

रहीम खान ने कहा कि जिस बच्ची के साथ वारदात हुई, वो सिर्फ मुस्लिम समाज की नहीं बल्कि पुरे देश की बच्ची थी। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज से लेकर सारे तथ्य मौजूद हैं, लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है, उसके पिता प्रताड़ित होकर दर दर की ठोकर खा रहे हैं, मजदूर की बच्ची है। रहीम खान ने कहा कि अब हमारी कौम को संभालकर रखना मुश्किल हो गया है। रहीम खान ने बताया कि हमने सीएसपी साहब से बात की, तो उन्होंने टीआई श्री पन्द्रे को यहां भेजा है। श्री खान ने कहा कि यह भी जानकारी मिली है कि अभी आधिकारिक रुप से नाबालिग हिना खान की मृत्यु पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई है। इसलिये हमारी कौम के लोग और अन्य लोग भी हमारे साथ इकट्ठे हुए हैं, और हमारे द्वारा भरवेली थाने में एफआईआर दर्ज की जायेगी।

रहीम खान ने आगे कहा कि आरोपी मोटर सायकिल चालक युवक को गिरफ्तार करने की हमारी मांग है। श्री खान ने यह भी कहा कि यदि इस घटना में कोई मुस्लिम समाज का युवक होता तो अब तक उसके घर पर बुलडोजर चलाने का काम किया जाता। हम कानुन के दायरे में इस मामले में कार्रवाई की मांग करते है। गौरतलब है कि मुस्लिम जमात द्वारा की गई इस मांग के दौरान प्रमुख रुप से शहर के काजी हबीब नूरी, रहीम खान, शमीम सिद्दीकी, भुरु पटेल, अहफाज पटेल, धर्मेन्द्र कुरील, अशफाक खान, मकसुद खान, जुनेद खान, बालाघाट के जामा मस्जिद के सदर हाजी फारुख खान संहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

# बालाघाट के शेषनारायण आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक की संभालेंगे कमान

## रोजाना छह घंटे की मेहनत से कामयाबी का मार्ग हुआ प्रशस्त.. बोले आगे और तैयारी रहेगी जारी..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***कर्मचारी चयन आयोग 2025 (एसएससी सीजीएल) की परीक्षा के परिणाम अभी कुछ दिनों पूर्व ही घोषित किए गए है। इस परीक्षा को बालाघाट जिला मुख्यालय के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सालिकराम ढोमने के सुपुत्र शेषनारायण ढोमने ने उत्तीर्ण कर यह मुकाम हासिल***

किया है। अब शेषनारायण आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक की कमान संभालेंगे।

### बोले शेषनारायण..

चर्चा के दौरान शेषनारायण ढोमने ने बताया कि वह दो वर्ष से दिल्ली में इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। परीक्षा के लिए रोजाना करीब छह घंटे पढ़ाई करते रहे है। जिसका परिणाम है कि यहां तक सफ्लता मिली। उन्होंने आगे कहा कि इस परिणाम के बाद मिली उपलब्धि से ही संतुष्ट नहीं रहेंगे, जो सपना संघ लोक सेवा आयोग के लिए पहले से संजोए हुए रखा है उसके लिए शासकीय सेवा में निर्धारित समय देने के बाद शेष समय पढ़ाई में ही लगाएंगे। इसके साथ ही अपने सपने को पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगे।

### पिता ने दी यह जानकारी..

शेषनारायण के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक सालिकराम ढोमने वार्ड नंबर 13 सुभाष नगर बूढ़ी निवासी बताते है कि उनके पुत्र ने अपनी प्राथमिक शिक्षा बालाघाट के सेंटमेरी स्कूल से प्राप्त की है। इसके बाद हायर सेकंडरी केंद्रीय विद्यालय भरवेली और स्नातक की पढ़ाई साइंस कालेज जबलपुर से किया है। शेषनारायण ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता सेवानिवृत्त शिक्षक सालिकराम ढोमने, मां अलकेश्वरी ढोमने के अनुशासन एवं मार्गदर्शन को दिया हैं। आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के लिए चयन होने पर शेषनारायण ढोमने को महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज बालाघाट के अध्यक्ष अशोक फ्ये, उपाध्यक्ष विजय श्रीरंग, सचिव एच कावड़े, बड़े भाई एवं स्वर्णकार समाज लालबर्रा के अध्यक्ष रविकरण सोनी, नितिन सोनी, शिक्षा विभाग के लिपिक चैतन्य सोनी के अलावा अन्य नाते रिश्तेदारों सहित ईष्ट मित्रों ने बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# शांति, करुणा और मानवता का संदेश देकर बालाघाट में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा..

## धम्म रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक सेवाओं के हुए आयोजन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती जिले भर में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में धूमधाम से मनाई गई। ÷त्रिगुण पर्व÷ के रूप में आयोजित इस विशेष अवसर पर नगर में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक***

कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में बौद्ध समाज सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन के दौरान भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और मानवता के संदेशों की गूंज सुनाई देती रही। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित समता भवन बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध की पूजा-वंदना एवं धम्म पाठ के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान बुद्ध को नमन किया और विश्व शांति की कामना की। इसके बाद नगर में भव्य धम्म रैली निकाली गई, जिसमें महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली ÷बुद्धम् शरणम् गच्छामि÷ और ÷जय भीम÷ के नारों से गूंजती हुई विभिन्न मार्गों से गुजरकर आंबेडकर चौक पहुंची। आंबेडकर चौक में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना और वंदना की गई। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने सामाजिक समानता, शिक्षा और मानव कल्याण के मूल्यों को अपनाने का संकल्प भी लिया।

समारोह में नागपुर से पधारे पूज्य भदन्त वन्नासामी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को सामूहिक धम्मदेशना प्रदान करते हुए त्रिशरण और पंचशील धारण कराया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन त्याग, तपस्या और मानव कल्याण की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज से आपसी भाईचारा, करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके पश्चात पंचशील बौद्ध विहार समता भवन बूढ़ी में भिक्खु संघ द्वारा परित्राण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। मंचीय कार्यक्रमों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को और अधिक भव्य बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में भगवान बुद्ध के विचार पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके बताए सिद्धांत समाज में शांति एवं सद्भाव स्थापित करने की शक्ति रखते हैं। जयंती समारोह के दौरान समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजकों ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम है और विद्यार्थियों की उपलब्धियां पूरे समाज के लिए गौरव का विषय हैं।

वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वैशाख पूर्णिमा का दिन बौद्ध धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी दिन कपिलवस्तु के राजकुमार सिद्धार्थ गौतम का जन्म हुआ था और वर्षों की कठोर साधना के बाद बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। ज्ञान प्राप्ति के बाद उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य, शांति और करुणा का संदेश दिया, जो आज भी मानव समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला। नगर में निकली धम्म रैली और विभिन्न कार्यक्रमों ने बुद्ध जयंती को एक यादगार और प्रेरणादायी उत्सव का रूप दे दिया।

## अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर ब्रॉडगेज संघर्ष समिति द्वारा

# मॉयल में अनुकम्पा नियुक्ति की मांग को लेकर अनुप सिंह बैस के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मॉयल इंडिया लिमिटेड नागपुर के अधिनस्थ नौ मैंगनीज खदानों में अनुकंपा नियुक्ति समाप्त किए जाने से नाराज़ मजदूरों के साथ ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष एडवोकेट अनूप सिंह बैस ने असिस्टेंट लेबर कमिश्नर छिंदवाड़ा को सम्बोधित***

ज्ञापन नवीन विजयवर्गीय लेबर इन्फोर्समेंट ऑफिसर को सौंपा। इस ज्ञापन के संदर्भ में अनुप सिंह बैस ने बताया कि मॉयल मैनेजमेंट द्वारा जहां एक ओर षड्यंत्र पूर्वक मजदूर संगठनों की मान्यता समाप्त की गई वहीं बिना केन्द्र सरकार की मंजूरी के अनुकंपा नियुक्ति समाप्ति के आदेश जारी कर दिए गए, साथ ही मजदूरों की सुरक्षा सुविधाओं और चिकित्सा उपचारों की अनदेखी की जा रही है। श्री बैस ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। निर्धारित दर से कम मजदूरी देकर अधिक समयावधि में काम लिया जा रहा है।

इन सारी विसंगतियों को समाप्त कर अनुकंपा नियुक्ति यदि बहाल नहीं की गई तो वृहद स्तर पर मजदूरों के साथ आंदोलन किए जाएंगे। ज्ञातव्य हो कि इस विषय पर बैहर विधायक संजय उईके, परसवाड़ा विधायक मधु भगत, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल ने भी सीएमडी मायल इंडिया लिमिटेड द्वारा नियम विरुद्ध अनुकंपा नियुक्ति समाप्त करने के विषय में इस्पात मंत्री डी कुमारस्वामी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

ज्ञापन सौंपते समय महेंद्र पचौरी, डॉ. अमर बिसेन, मजदूर नेता पवन मरकाम, दुर्गेश महतो, मुकेश बागेश्वर, जगेलाल उइके, सूरज वादगुनेरे, राजा नगपुरे, सुदेश मेश्राम, विजय इंगले, अजीत गढ़पाले एवं अनेक पीड़ित मजदूर परिवार के सदस्य थे।

# विवाह समारोह से लौटने के दौरान मोटर सायकिल के पेड़ से टकराने से दो बेटियों के पिता की मौत..


जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले के भरवेली थाना क्षेत्र में देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में युवक की मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह से घर लौट***

रहे युवक का दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराने के कारण गंभीर रूप से घायल होने के उपरांत जिला अस्पताल में दुखद निधन हो गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार भरवेली थाना क्षेत्र के हीरापुर कच्ची बारंग निवासी 34 वर्षीय प्रफुल्ल कटरे गुरुवार को रूपझर क्षेत्र में अपनी बुआ की बेटी के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद वे देर रात अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 1:30 बजे रूपझर थाना क्षेत्र के लौंगुर के पास उनकी एक्टिवा अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर काफी तेज थी, जिससे प्रफुल्ल कटरे को गंभीर चोटें आईं। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल सहायता कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। हालांकि सिर और शरीर में गंभीर चोटें आने के कारण शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक प्रफुल्ल कटरे पेशे से वाहन चालक थे और अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार गहरे सदमे में है। अस्पताल में परिजनों और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल दिखाई दिया। जैसे ही हादसे की खबर गांव और रिश्तेदारी में पहुंची, बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। शुक्रवार को अस्पताल चौकी पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 03 मई को बालाघाट के 08 केन्द्रों पर होगी नीट परीक्षा, 3028 परीक्षार्थी होंगे शामिल



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में 03 मई 2026 को नीट प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा में कुल 3028 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि सभी परीक्षार्थियों को प्रातः 11 बजे***

तक अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### इन संस्थाओं को बनाया गया परीक्षा केन्द्र..

विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों का वितरण इस प्रकार है– 1. सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 600, 2. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी में 220, 3. कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में 240, 4. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 480, 5. शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 240, 6. शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 480, 7. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली में 288 तथा 8. जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 480 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। साथ ही परीक्षार्थियों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की स्टेशनरी सामग्री जैसे पेपर, कंपास बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, पेनड्राइव, राइटिंग पैड, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन तथा संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर आदि लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

इसके अतिरिक्त परीक्षार्थियों को वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, घड़ी, ब्रेसलेट, कैमरा, धातु के आभूषण एवं खाद्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को साधारण कपड़े पहनकर तथा पैरों में कम हील की चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। वे अपने साथ केवल पारदर्शी पानी की बोतल ला सकते हैं। प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की है।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391

## स्वामी स्वदेशानंद मौन व्रत रहकर मां नर्मदा की करेगें परिक्रमा..





### अब्दुल खालिद कादिर ने मां नर्मदा परिक्रमा वालों का भगवा वस्त्र से किया स्वागत

जगप्रेरणा बैहर।

***जैसा कि सभी जानते हैं कि संघर्ष से तप कर, तपस्या से साधना तक के सफर का दूसरा नाम है स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज। संघर्ष से साधना तक का सफर स्वामी जी का काटो भरा रहा है।***

उनका कहना है कि संघर्ष ही जीवन है। स्वामी जी बजरंगबली के भक्त हैं उनके मुख से निकली हुई वाणी कभी खाली नही जाती। हमेशा मौन व्रत करने के कारण स्वामी जी पर एक आध्यात्मिक शक्ति का संचार हुआ है। स्वामी जी ने जो कहा है वैसा ही हुआ है। स्वामी जी ने नेपाल की धरती विराट नगर में ओली सरकार की 15 दिन के भीतर तख्ता पलट की बात कही थी और 12 दिन में ओली सरकार का तख्ता पलट हुआ था। स्वामी जी ने अहमदाबाद प्लेन क्रेश के तीन दिन पहले कहा था कि एक माह तक हवाई यात्रा से बचे।

और एक माह के अन्तराल में प्लेन के साथ ही हेलीकॉप्टर क्रेश हुए थे। अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सनातनी अखाड़ा के संस्थापक संयोजक स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज वैसे तो नौ रात्री में हमेशा मौन व्रत रहते हैं। किन्तु उन्होंने मां नर्मदा जी की परिक्रमा भी मौन व्रत रहकर पूरी करने के संकल्प के साथ 1 मई 2026 अमरकंटक से मां नर्मदा जी की परिक्रमा प्रारम्भ करेगें। बैहर में मां नर्मदा परिक्रमा करने वालों का वरिष्ठ अधिवक्ता वाय.आर.चौधरी, सेवा निवृत्त प्राचार्य एफएस.कमलेश, कादिर भाई आदि गणमान्य नागरिकों ने मां नर्मदा परिक्रमा वालों का पुष्प हारो से स्वागत किया।

मां नर्मदा परिक्रमा के लिए स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज के साथ वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री पण्डित निरंजन शर्मा, जिलाध्यक्ष मेहत लाल कटरे, आदि शक्ति सेना की ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती मंजु यूईके, सुखराम धुर्वे, आदि अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज 15 नवम्बर 2026 राजस्थान के खैरथल जिले के मुंडावर तहसील के चांदपुर बाबा प्रह्लाद दास अपने गुरु श्री श्री 1008 श्री बालकानंद गिरि महाराज जी महामंडलेश्वर जी के आश्रम से 'भारत माता परिक्रमा' करने का संकल्प लिया है।

भारत माता परिक्रमा का उद्देश्य भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना, गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाना, साधु - संतों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाना, देश में चल रहे लव जिहाद को पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाने देश में विशेष कानून बनाना, धर्मांतरण पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाने देश में विशेष कानून बनाना, देश के प्रत्येक तहसील में प्राचीन कालीन गुरुकुल की स्थापना कर सनातनी बच्चों को शास्त्र और शस्त्र की शिक्षा दिए जाने, देश में स्थापित बड़े मठ मन्दिरों को टैक्स मुक्त कर वहां से प्राप्त धन राशी का उपयोग देश के सनातनी बच्चों की शिक्षा, दीक्षा, खेल कूद, व्यायाम एवं गौ माता की सेवा में लगाने आदि ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर भारत माता परिक्रमा करने का संकल्प लिया है। भारत माता परिक्रमा 29 प्रदेशों तथा दो देशों से होकर 16295 किलोमीटर की यात्रा होगी। मां नर्मदा परिक्रमा करने का उद्देश्य मां नर्मदा जी से आशीर्वाद प्राप्त करके भारत माता परिक्रमा को सफल बनाकर भारत का केंद्र बिन्दु मध्यप्रदेश के कटनी जिले के करौन्दी ग्राम में माँ भारती की सबसे बड़ी मन्दिर की स्थापना करना है। जिसके लिए स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज अपने साथियों के साथ 1 मई 2026 मां नर्मदा मैया की उदगम स्थल अमरकंटक से परिक्रमा प्रारम्भ करेगें। उक्त जानकारी अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पण्डित निरंजन शर्मा ने दिया।

## 38 वर्षों की सेवा के बाद श्यामलाल अडमाचे सेवानिवृत्त, जनपद पंचायत परसवाड़ा में भावभीनी विदाई..

हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***जनपद पंचायत परसवाड़ा में पदस्थ पंचायत समन्वयक अधिकारी श्यामलाल अडमाचे को 38 वर्षों की सेवा पूर्ण होने पर शुक्रवार को जनपद सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।***





बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे और विशेष अतिथि उपाध्यक्ष कांतिलाल राहंगडाले सहित समाजसेवी तेजराम बोरिकर ने श्री अडमाचे को शॉल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने उनके कार्यकाल को ईमानदारी, समर्पण और बेहतर समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि उनका योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे ने कहा कि उनकी कार्यशैली में अनुशासन और समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वहीं उपाध्यक्ष कांतिलाल राहंगडाले ने उनके सरल स्वभाव और व्यवहार की सराहना की।

समारोह के दौरान उनके पिता की उपस्थिति ने माहौल को भावुक बना दिया। अपने संबोधन में श्यामलाल अडमाचे ने कहा कि जनपद पंचायत में बिताए 26 वर्ष उनके जीवन के सबसे सुखद और यादगार रहे। उन्होंने सभी सहकर्मियों के सहयोग को अविस्मरणीय बताया।

समारोह में सरपंच कपूर चंद वरकड़े, विजय गुप्ता, प्रमेन्द्र श्यामकुवर, खेमराज मरावी, कृष्ण कुमार ढोढरे, सालिकराम मरावी, श्रीराम सोनवानी, चैनलाल दौने, अरुणा वरकड़े, अनूप तिवारी, सिद्धार्थ राजा बोधि रंगारे, कल्पेश तूरकर, अजहर, गजेंद्र, मर्शकोले, सुनील चावले, मरकाम, अनिल त्रिवेदी, अर्जुन तिल्लासी, मदन नागेश्वर, शिव, रवि, कुरुवे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ताराचंद बघेल, वीरेंद्र, रामचंद और भारद्वाज ऑपरेटर भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में सहकर्मियों ने भावुक माहौल में अडमाचे को विदाई दी और उनके स्वस्थ व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण करते हुए उन्हें उनके गृह ग्राम मोहगांव पटेली तक सम्मानपूर्वक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमेन्द्र श्यामकुवर ने किया, जबकि अंत में अध्यक्ष ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।।
मो. 9329033433

## कलेक्टर मृणाल मीना ने लालबर्रा एवं वारासिवनी के गेहूं खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण..

### किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सुधार के दिए निर्देश





जगप्रेरणा लालबर्रा।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने आज लालबर्रा एवं वारासिवनी क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए स्थापित केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।***

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूं विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.के. ठाकुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार तथा एमपी वेयरहाउसिंग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मीना ने लालबर्रा खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छाया एवं बैठने की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए टेंट का विस्तार किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने केन्द्र पर तौल कांटों की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि गेहूं की तौल में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लालबर्रा वेयरहाउस स्थित खरीदी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं। कुछ किसानों ने बताया कि सेटेलाइट सर्वे में उनके गेहूं के रकबे को कम दर्शाया गया है, जिससे उन्हें पूरी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने में कठिनाई हो सकती है।

इस पर कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट किया कि सेटेलाइट सर्वे से फसल की सटीक जानकारी प्राप्त होती है, लेकिन यदि किसी किसान का रकबा कम दर्ज हुआ है तो पटवारी द्वारा मौके पर जांच कराकर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है वे 23 मई तक स्लाट बुक करा लें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## कलेक्टर मृणाल मीना ने लालबर्रा में सभी विभागों के खंड स्तीरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ली बैठक

### योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की..





जगप्रेरणा लालबर्रा।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 01 मई को जनपद पंचायत कार्यालय सभाकक्ष लालबर्रा में सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों***

की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन, वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल भी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम लालबर्रा ब्लाक में कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके उपचार की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने कम प्रगति वाले सेक्टर की पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता से वन-टू-वन चर्चा की और निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के एसएएम श्रेणी के बच्चों को चिन्हित कर उनका उपचार करायें और उन्हें कुपोषण से मुक्त कराने के लिए काम करें। इसी प्रकार एमएएम श्रेणी के बच्चों को भी चिन्हित करने कहा गया। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को अपने क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों का सतत भ्रमण करने एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के काम पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके उपचार में लापरवाही बरतने वाली पर्यवेक्षक एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता पर कार्यवाही करने कहा। समीक्षा के दौरान पाया गया कि नैतरा सेक्टर की आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक भारती मेश्राम के सेक्टर में कुछ कार्यकर्त्ता द्वारा पोषण ट्रेकर एप्प पर गलत आकड़े दर्ज किये गये हैं, जिसके कारण जिले की प्रगति प्रभावित हो रही है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की और पर्यवेक्षक भारती मेश्राम की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि 03 से 06 वर्ष आयु का कोई भी बच्चा पोषण ट्रेकर एप्प पर पंजीयन से नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने 03 से 06 वर्ष आयु के सभी बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए प्राथमिक शालाओं में पंजीयन कराने के निर्देश दिये।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान गर्भवती माताओं की एएनसी के लिए अनमोल पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये गये। अनमोल पोर्टल पर गत वर्ष की तुलना में कम पंजीयन वाली सीएचओ एवं एएनएम के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी गई। मानपुर, गर्रा, पाथरसाही एवं लेंडेझरी में गर्भवती माताओं का पंजीयन कम पाये जाने पर इन केन्द्रों की सीएचओ एवं एएनएम पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। गर्भवती माताओं का संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने एवं घर पर प्रसव नहीं होने देने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सीएचओ एवं एएनएम द्वारा अपने कार्यस्थल पर न जाकर सार्थक एप्प पर घर बैठे ही हाजरी लगाई जा रही है। इस स्थिति पर कलेक्टर श्री मीना ने नाराजगी जाहिर की और सख्त निर्देश दिये कि स्वास्थ्य केन्द्र पर न जाकर घर बैठे हाजरी लगाने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सभी सीएचओ, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों को वेतन का भुगतान सार्थक एप्प की हाजरी के आधार पर ही किया जायेगा। श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान लालबर्रा विकासखंड में 395 श्रमिकों के संबल योजना में पंजीयन लंबित है। इसी प्रकार संबल योजना के 659 हितग्राहियों को अनुग्रह राशि का एवं 17 हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता का भुगतान लंबित है। श्रमयोगी मानधन योजना में 145 श्रमिकों का ही पंजीयन हुआ है और संबल योजना के 1704 हितग्राहियों की ई-केवायसी लंबित है। इस स्थिति पर कलेक्टर श्री मीना ने नारागजी जाहिर की और संबल योजना के कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर जनपद पंचायत सीईओ चंदर सिंह की एक वेतन वृद्धि रोकने एवं लालबर्रा के श्रम निरीक्षक पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबल योजना के हितग्राहियों के अनुग्रह एवं अंत्येष्टि सहायता के प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करें।

शिक्षा विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान शालाओं के छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत पंजीयन शीघ्रता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। प्राथमिक शालाओं के शैक्षिक स्तर के परीक्षण के लिए एफएलएन सर्वे की 100 प्रतिशत मानीटरिंग करने के निर्देश दिये।कलेक्टर श्री मीना ने इस दौरान एफएलएन सर्वे में जिन शालाओं का परिणाम खराब आ रहा है उनके शिक्षकों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि शिक्षक अपने बच्चों को प्रायवेट स्कूलों में पढ़ाये, लेकिन सरकारी स्कूल के बच्चों को पढाने में कोताही बरते, इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एफएलएन सर्वे में सामने आया है कि कुछ शालाओं के बच्चों को गिनती और जोड़-घटाना भी नहीं आ रहा है। उन्होंने लालबर्रा के बीआरसी को सख्त निर्देश दिये कि ऐसी शालाओं के शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव जिला कार्यालय भेजें, अन्यथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने शालाओं में बच्चों के पंजीयन के साथ ही निःशुल्क पुस्तकों, गणवेश एवं साईकिल वितरण कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने खेतों में नरवाई जलाने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंनें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से अपने क्षेत्र का सतत भ्रमण कर नरवाई जलाने की घटनाओं पर नजर रखने कहा। समीक्षा में पाया गया कि ग्राम भांडामुर्री, टेंगनीखुर्द, लेंडेझरी एवं टेकाड़ी में सेटेलाइट ईमेज में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आयी है। राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि पटवारी ब्रजेश शरणागत, अनिमेश तिवारी, मनीष चौधरी, शिवलाल अगने एवं अरविंद वरकड़े द्वारा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य बहुत कम संख्या में किया गया है। जिसके कारण किसानों को खाद के उठाव में समस्या आ सकती है। पटवारी मनीष चौधरी द्वारा सीमांकन के प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण नहीं किया गया है। इस स्थिति पर कलेक्टर श्री मीना ने नाराजगी जाहिर की और गर्रा के पटवारी ब्रजेश शरणागत को वहां से हटाकर अन्य हल्के में पदस्थ करने एवं पटवारी मनीष चौधरी पर निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

बैठक में लालबर्रा विकासखंड में पेयजल की व्यवस्था, बिजली प्रदाय, मछली विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, लोक निर्माण एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा की गई।


## वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर बैहर में समीक्षा बैठक



जगप्रेरणा बैहर।

***वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन एवं वन पट्टा दावों के निराकरण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए 01 मई को बैहर में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।***

बैठक में टास्क फोर्स समिति के सदस्य श्री गिरीश कुबेर ने अधिकारियों एवं समिति सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में वन पट्टा दावों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही दावा प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर अधिकार मिल सके। इस अवसर पर बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, परसवाड़ा एसडीएम श्री श्रीश प्यासी, जिला स्तरीय समिति के अन्य सदस्य एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

## सेलवा शराब दुकान के सामने पंडाल लगाकर बैठी गांव की महिलाएं, बोली स्थान परिवर्तन करो हमें गांव सुधारना है..






जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***वर्तमान समय की बात की जाए तो बालाघाट जिले में काफी स्थानों पर शराब के प्रति महिलाओं में आक्रोश दिखाई दे रहा है महिलाएं शराब बंदी के चलते सड़क पर उतर गई है कहीं दुकान हटाने की बात हो रही है***

तो कहीं दारू होना ही नहीं बात की जाए कटंगी थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत सेलवा की तो वहां की महिलाएं भी शराब बंदी के प्रति आक्रोश में नजर आ रही है आज के करीब 15 दिन पहले महिलाओं द्वारा कटंगी थाने में जाकर और वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सोपा गया था कि गांव में अवैध शराब का विक्रय नहीं होगा जानकारी के हिसाब से महिलाओं ने बताया था कि हमारे द्वारा नियम बनाया गया है अगर शराब पीनी है तो अपने घर जाकर पीयो या गांव के बाहर शराब दुकान में या गांव में कहीं भी बैठकर शराब नहीं पियेंगे और महिलाओं द्वारा शराब दुकान के आसपास कि वह दुकान में बंद कर दी गई है जहां लोग शराब पिया करते थे वर्तमान की बात की जाए तो 1 मेंई को गांव की महिलाएं दुकान के सामने पंडाल लगाकर बैठ गई है उनका कहना है कि हम सब गांव को सुधारने बैठे हैं शराब दुकान के सामने पंडाल लगाकर बैठी महिलाओं की बात की जाए तो 30 अप्रैल को महिलाओं द्वारा कटंगी थाना पहुंचकर पुलिस एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा को लिखित रूप में शिकायत करते हुए बताया कि हमारे गांव में हमारे द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रह

### पंडाल लगाकर बैठी महिला बोली गांव बिगड़ रहा

कटंगी सेलवा शराब दुकान के सामने गांव की महिला सुबह 10:30 बजे से पंडाल लगाकर बैठ चुकी है उनका कहना है कि रात्रि 11:30 बजे तक हम इसी प्रकार बैठे रहेंगे और प्रतिदिन बैठेंगे हमारी मांग है कि अब गांव में शराब दुकान नहीं होना दुकान को दूसरे स्थान पर परिवर्तन किया जाए सरकार अगर हमारी बात नहीं मानती प्रशासन अगर हमारी बात नहीं मानता तो आंदोलन होगा और हम लगातार बैठे रहेंगे हम लगातार देख रहे हैं कि सर आपके सेवन से काफी नुकसान हो रहा है नई उम्र के लड़के भी शराब पी रहे हैं रुपए भी निराश कर रहे हैं और अपने शरीर को भी नाश कर रहे हैं हम जो मांग के लिए बैठे हैं वहां मांग जायज है

### महिलाओं ने निकाली जैब से दारू की बोतल और फोड़ी

शराब दुकान के सामने बैठी महिलाओं द्वारा कुछ लोगों के जेब से शराब की बोतल निकाल कर फोड़ दिया गया है इस संबंध में उनका कहना है कि जिनकी शराब की बाटल हमने फोड़ी है वहां गांव के ऐसे लोग हैं जो शराब पीने के बाद अपने घर जाकर अपनी पत्नी के साथ और परिवार के साथ मारपीट करते हैं

अच्छी बात नहीं है वही हमारे लगातार विरोध के बाद भी शराब दुकानदार द्वारा शराब का विक्रय किया जा रहा है जिसके लिए कोई मनाई नहीं है लेकिन कुछ लोग यहां से शराब ले जाकर गांव में बेच रहे हैं जो गलत है हम विरोध कर रहे हैं प्रशासन को भी हमारा साथ देना पड़ेगा

## पार्षद चौकसे के आगे नत मस्तक हुआ नगर परिषद प्रशासन, आज से धरने पर बैठने की दी थी चेतावनी..

### पार्षद मनीष चौकसे ने कटंगी बस स्टैंड में लग रही स्क्रीन एलइडी का किया था विरोध



जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***बालाघाट जिले के कटंगी नगर परिषद अंतर्गत बस स्टैंड परिसर में वारासिवनी की एक व्यक्ति द्वारा स्क्रीन एलइडी लगाने की तैयारी की जा रही थी जिसका ढांचा भी तैयार हो गया था***

इस बात की जानकारी पार्षद मनीष चौकसे वार्ड नंबर 11 को जब लगी तो उन्होंने विरोध शुरू किया और कहा कि नगर परिषद द्वारा आज के पास साल पहले इसी स्थान से गरीब लोगों को हटाया गया था बस स्टैंड को सुंदर बनाने के लिए फिर अचानक यह कैसे हो रहा है किसकी परमिशन से यहां एलईडी लग रही है वहीं नगर परिषद की बैठक में भी पार्षद मनीष उ द्वारा मुद्दा उठाया गया था और आज 1 मेंई श्रमिक दिवस के दिन से धरने पर बैठने की बात कही गई थी बोला गया था कि 30 अप्रैल को शाम 5:00 बजे तक अगर नहीं हटाया जाता तो आज से धरना होगा जिसकी तैयारी भी पार्षद द्वारा कर ली गई थी 30 अप्रैल को शाम 5:00 बजते ही नगर परिषद प्रशासन हड़बड़ा गया आखिर नगर परिषद को पार्षद के आगे झुकना पड़ा और नगर परिषद की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर स्क्रीन एलइडी का ढांचा निकाला गया और नगर परिषद में जप्त कर कर रखा गया है।

### परिषद में उठाया था मामला किसकी है परमिशन

कटंगी वार्ड नंबर 11 के पार्षद मनीष चौकसे द्वारा पिछ्ले 10 दिनों पहले नगर परिषद की बैठक में यहां मामला उठाया गया था कि बीच बस स्टैंड में किसकी परमीशंस एलईडी लग रही है किसने परमिशन दी वहीं बैठक के दौरान प्रभारी अध्यक्ष को छोड़ सभी पार्षद पार्षद चौकसे के समर्थन में नजर आए वहीं पार्षद ने कहा कि बस स्टैंड में लगाने की अगर परमिशन दी थी तो हम पार्षदों को क्यों नहीं बताया गया अंधेरे में क्यों रखा गया।

### 5 साल पहले हटाया गया था गरीबों को बस स्टैंड से

पार्षद चौकसे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस स्थान पर नगर पालिका द्वारा एलइडी लगाने की परमिशन दी गई थी उसे स्थान से आज के पाच साल पहले बस स्टैंड को सुंदर बनाने के लिए गरीबों के चाय और पान की दुकान हटाई गई थी जिसके चलते उन्हें बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा और उनकी रोजी-रोटी छिन गई इस स्थान पर एलईडी की परमिशन मिलने से नगर के छोटे व्यापारियों ने भी निंदा व्यक्त की और पार्षद का समर्थन किया धरना के लिए।

### आज से धरने पर बैठने वाले थे पार्षद चौकसे

कटंगी वार्ड नंबर 11 के पार्षद मनीष चौकसे ने बताया कि परिषद की बैठक में मेरे द्वारा मुद्दा उठाया गया था और पिछ्ले 4 दिन पहले ही मीडिया के माध्यम से बताया गया था कि 30 अप्रैल शाम 5:00 बजे तक अगर यहां ढांचा नहीं हटाया जाता तो आज से मैं धरने पर बैठूंगा जिसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई थी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, एसडीएम कटंगी, तहसीलदार कटंगी और थाना प्रभारी को भी लिखित रूप में जानकारी दे दी गई थी।

### पार्षद चौकसे ने कहां धन्यवाद सीएमओ साहब

आज से धरने पर बैठने की तैयारी थी उसके एक दिन पहले ही 30 अप्रैल की शाम होते ही प्रशासन अपनी हरकत पर आया पार्षद चौकसे की जिद के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी के आदेश पर नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर ढांचा हटाया गया और जपती बनाई गई। वहीं पार्षद चौकसे द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को धन्यवाद कहा गया है कि आपने मेरी बातों को उचित समझा और कार्रवाई की।

## कंटगी की होनहार छात्रा चहक दुबे का इसरो के 'युविका 2026' कार्यक्रम में चयन

### परिजनों सहित गुरुजनों ने दी बधाई



जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***कटंगी वार्ड नंबर 12 गंगा कॉलोनी निवासी चहक दुबे द्वारा विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में जिले के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ी है। आइडल पब्लिक स्कूल चंदौरी वारा सिवनी***

के कक्षा 10वीं की छात्रा चहक पिता स्वर्गीय प्रमोद दुबे शिक्षक का चयन इसरो **(ISRO)** के प्रतिष्ठित 'युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम' (युविका-2026) के लिए हुआ है।

### मुख्य बिंदुः

राष्ट्रीय स्तर पर पहचानः इस वर्ष देश भर से कुल 456 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिनमें मध्य प्रदेश से केवल 13 छात्र शामिल हैं। क्षेत्र की गौरवः चहक दुबे आइडल पब्लिक स्कूल चंदौरी की इकलौती छात्रा हैं।

12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षणः इस कार्यक्रम के तहत चहक को इसरो के केंद्रों पर 12 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें रॉकेट लॉन्चिंग, उपग्रह प्रक्षेपण और आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को करीब से देखने और देश के शीर्ष वैज्ञानिकों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।

सफलता का आधारः चहक की इस उपलब्धि के पीछे उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विज्ञान के प्रति उनकी गहरी रुचि रही है। विद्यालय के प्राचार्य और समस्त स्टाफ ने चहक दुबे की इस ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि चहक की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करेगी। वही बात की जाए जहर दुबे की वहां कटंगी वार्ड नंबर 12 निवासी रिटायर्ड गुरुजी स्वर्गीय मदन प्रसाद दुबे।

स्वर्गीय कुसुम दुबे की नातिन है और श्रीमती ममता दुबे गवर्नमेंट शिक्षिका की बेटी चहक की बात की जाए तो पिछ्ले करीब 8 साल पहले उनके पिता का निधन हो गया था जब वहां उम्र में काफी छोटी थी पिता के निधन के बाद भी उन्होंने अपना हौसला बनाए रखा और पढ़ाई पर ध्यान दिया चाहे की सफलता पर उनके परिजन नाना, नानी , मौसी, मौसाजी, मामा मामी, बड़े पिता छत्रपति दुबे बड़ी माता वैदेही दुबे बड़ी बहन तृप्ति दुबे के अलावा सभी के द्वारा बधाई दी गई

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433

## तेंदूपत्ता संग्रहण 2026 हेतु कार्यशाला आयोजित, चरणबद्ध कार्ययोजना व मलेरिया स्क्रीनिंग पर जोर



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 की तैयारियों को लेकर 01 मई को अरण्य भवन रेंजर कॉलेज में जिला लघु वनोपज सहकारी समिति,***

दक्षिण वन मंडल सामान्य बालाघाट द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अधिकारियों, कर्मचारियों, समिति प्रबंधकों, नोडल अधिकारियों एवं रेंजर्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वन मंडलाधिकारी बालाघाट ने तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र से लेकर गोदाम तक की संपूर्ण प्रक्रिया के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहण, परिवहन एवं भंडारण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा ने तेंदूपत्ता सीजन 2026 के दौरान मलेरिया नियंत्रण के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संग्रहण कार्य में लगे सभी श्रमिकों-चाहे वे स्थानीय हों या बाहर से आए हों-की नियमित मलेरिया स्क्रीनिंग की जाएगी, ताकि संभावित मामलों की समय पर पहचान कर पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. जुनेजा ने मलेरिया स्क्रीनिंग की प्रक्रिया एवं आवश्यक सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी तथा सभी अधिकारियों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों को स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को सफल बनाने के निर्देश दिए गए।




## संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी व भारतीय संविधान भारतीयों के लिए सर्वोपरि- दामोदर यादव मंडल

### परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का डॉ. संजय खोबरागड़े कार्यक्रम अध्यक्ष दामोदर यादव मंडल मुख्य अतिथि इंजी सतेंद्र विद्रोही व एड सुरेन्द्र बारमाटे विशिष्ट अतिथि के हस्ते हुआ अनावरण

### आकांक्षा घोड़ेश्वर व स्वाति मेश्राम का हुआ सम्मान







जगप्रेरणा बालाघाट।

तहसील मुख्यालय तिरोड़ी से 10 किलोमीटर दूर ग्राम नांदी में परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह मुख्य अतिथि दामोदर यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित पिछड़ा आदिवासी संगठन), कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट), प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही (प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी), एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे (प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया समता सैनिक दल मध्य प्रदेश), विशेष अतिथि अमित बसोड़ (प्रदेश महासचिव एएसपी), वीरेंद्र शिंदे (प्रदेश महासचिव भीम आर्मी), रितेश बोरकर (जिला अध्यक्ष भीम आर्मी बालाघाट), निलेश बौद्ध (जिला अध्यक्ष एएसपी बालाघाट), संजय पाटिल (ट्रस्टी शांतिवन चिचोली नागपुर), सौरभ लोधी (प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा), कपिल मेश्राम (सभापति नगर परिषद कटंगी), संजय शेंडे (अध्यक्ष डॉ अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी) विशिष्ट अतिथि प्रदीप ऊके सचिव तहसील बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी, विकास खांडेकर अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट, जगदीश रावत तहसील अध्यक्ष समता सैनिक दल तिरोड़ी, रामचंद्र मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध संघ सर्कल नांदी, आचार्य चितरंजन वासनिक सदस्य ऑल इंडिया समता सैनिक दल, डॉ. आशीष बोरकर सामाजिक चिंतक, भोजराज वासनिक (अध्यक्ष सम्यक बुद्ध विहार समिति नांदी), धनेश्वर मेश्राम (दुर्ग छत्तीसगढ़,) हंसराज रावतकर(सुंदर), राजेंद्र ऊके सचिव बालाघाट जिला बौद्ध संघ सर्कल शाखा नांदी, भगवान दास खोबरागड़े परसवाड़ाघाट, धर्मेंद्र बोमबर्डे सामाजिक चिंतक, आनंद ऊके सामाजिक कार्यकर्ता, रितेश ऊके सामाजिक चिंतक, दुर्गेश वासनिक सामाजिक कार्यकर्ता, मुकेश ऊके सामाजिक कार्यकर्ता, अतिथिगण शैलेंद्र चौकसे पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी, चैनलाल तुरकर सरपंच ग्राम पंचायत नांदी, रहीम खान उप सरपंच ग्राम पंचायत नांदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

अंजीरा मेश्राम जी द्वारा परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की 6 फीट की प्रतिमा अपनी मां स्मृतिशेष मनीबाई फकीरा की स्मृति में स्थापित कर समाज को समर्पित कर गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अध्यक्ष एड डॉ. संजय खोबरागड़े, मुख्य अतिथि दामोदर यादव मंडल, विशिष्ट अतिथि इंजीनियर सतेंद्र विद्रोही, विशिष्ट अतिथि एड सुरेन्द्र बारमाटे के हस्ते परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप में बुद्ध वंदना रविन्द्र नागदेवे जी के द्वारा कराई गई। तमाम अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के तमाम पदाधिकारी व सदस्यगण ने किया। एड डॉ. संजय खोबरागड़े, दामोदर यादव मंडल, एड सुरेन्द्र बारमाटे, इंजीनियर सतेंद्र विद्रोही के द्वारा सम्पूर्ण मप्र में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आकांक्षा घोड़ेश्वर व कक्षा 10वीं में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को 21-21 हजार शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मंचीय उद्बोधन कार्यक्रम में 10 वर्षीय सौम्य मेश्राम में बुद्ध अंबेडकर मिशन पर प्रखरता के साथ उद्बोधन किया। जिसका सम्मान अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रितेश बोरकर ने कहा कि आज बुद्ध अंबेडकर मिशन को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को समर्पित भाव से उल्लेखनीय कार्य करने पड़ेगा। निलेश बौद्ध ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंबेडकर मिशन सतत् प्रयासों के चलते ही कामयाब हो पायेगा। विकास खांडेकर (जिला अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुद्ध अंबेडकर मिशन को बढ़ाने वाले को सैनिकों की कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एड सुरेन्द्र बारमाटे (प्रदेश सचिव आल इंडिया समता सैनिक दल मप्र ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजाद भारत में हम संविधान लागू होने के पश्चात ही वास्तविक आजादी को स्वीकार करते है। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर सतेंद्र विद्रोही (प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी काशीराम ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण मप्र में बहुजन समाज के लोगों पर आए दिन अन्याय अत्याचार होता चला आ रहा, किन्तु सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही है। आज मप्र की पुलिस से पहले भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता पीड़ितों के सहयोग के लिए समर्पित भाव से पहुंचकर सेवा कार्य करते है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दामोदर यादव मंडल ने कहा कि संविधान निर्माता परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी ने संविधान का निर्माण करते समय सम्पूर्ण भारतीयों के हितों का ध्यान रखते हुए निर्माण किया। मैं ओबीसी समुदाय से हूं ओबीसी समुदाय के लोगों से आव्हान किया की संविधान को बचाने के लिए अपनी महती भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। मप्र में कक्षा 10वीं में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आकांक्षा घोड़ेश्वर के संदर्भ में कहा कि अनुसूचित जाति की छात्रा होने से जिले की सांसद महोदया और क्षेत्रीय विधायक उससे मिलना तक मुनासिब नहीं समझे। ये बीजेपी सरकार समाज में अंधश्रद्धा को फैलाने वाले स्वयशंभु को बढ़ावा दे रही है, किन्तु छात्र छात्राओं के जज्बातों को बढ़ाने के लिए कोई योजना नहीं है। भारतीय संविधान निर्माता परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी व भारतीय संविधान भारतीयों के लिए सर्वोपरि है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एड डॉ. संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के विचारों को अंगीकार किए बिना भारत का उत्थान संभव नहीं है। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े ने कहा कि संविधान निर्माता परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के विचार प्रासंगिक होकर सार्वभौमिक है जिनके विचारों को समूचा विश्व अंगीकार कर उनकी प्रतिमाओं को स्थापित कर रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष वासनिक ने आभार व्यक्त किया। रात्रि में राष्ट्रीय प्रबोधनकार फैजान ताज ने बेहतरीन कव्वाली प्रस्तुत की। हजारों की तादाद में जनता शरीक हुई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शैलेश शैल ने किया। आयोजक समिति संतोष वासनिक अध्यक्ष, प्रशिक ऊके, शैलेश के वासनिक उपाध्यक्ष, विनोद मासुल्कर सचिव, सुधीर रामटेके, साहिल वासनिक सहसचिव, संजय भीमटे कोषाध्यक्ष, आकाश ऊके सह कोषाध्यक्ष, जितेंद्र मेश्राम सलाहकार, सुरेंद्र बोमबर्दे, महिला मंडल के अध्यक्ष मनोरमा चौहान एवं सचिव दुर्गा वासनिक, सोनम वासनिक सहित अनेकों बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक सहयोग प्रदान किए।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव

मो. 9826602705

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

## समर कैंप से बच्चों की प्रतिभाओं में आएगा निखार, स शि म में 5 दिवसीय कैंप शुरू..







जगप्रेरणा लांजी।

***भीषण गर्मी के बीच बच्चों के अवकाश को रचनात्मक दिशा देने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने हेतु सरस्वती शिशु मंदिर लांजी द्वारा एक प्रेरणादायक पहल की शुरुआत की गई है।***

पांच दिवसीय निःशुल्क समर कैंप के माध्यम से बच्चों को जहां सीखने, समझने और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है, वहीं उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की ओर भी प्रेरित किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन अवकाश को बच्चों के लिए उपयोगी और रचनात्मक बनाने की दिशा में सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में शुक्रवार से पांच दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल से दूर रखते हुए उनके भीतर छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय रामटेक्कर सचिव एवं खंड संघ चालक, दिनेश गिरी गोस्वामी प्राचार्य एवं सदरूलाल बोहने प्रधानाचार्य मंचासीन रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात सामूहिक वाणी वंदना तथा अतिथियों का तिलक वंदन किया गया।

### बच्चों को अपनी छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का सुनहरा अवसर

समर कैंप में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए विजय रामटेक्कर ने कहा कि यह शिविर बच्चों को अपनी छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बच्चों को पूरे मन से सहभागिता कर शिविर का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि लांजी नगर में इस प्रकार का समर कैंप पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को अवकाश के दौरान मोबाइल से दूर रखकर उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में रचनात्मक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षमताओं का विकास होता है और अन्य विद्यालयों के छात्रों के साथ मेल-मिलाप भी बढ़ता है।

### बच्चों में जिज्ञासा और विज्ञान के प्रति बढ़ रही है रुचि..

शिविर के दौरान जादू नहीं, विज्ञान है विषय पर किए गए प्रयोगों ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया। बच्चों ने स्वयं देखा कि जिन बातों को अक्सर अंधविश्वास माना जाता है, उनके पीछे वैज्ञानिक सिद्धांत कार्य करते हैं। वायुदाब पर आधारित गुब्बारे से गिलास उठाने जैसे प्रयोगों ने बच्चों में जिज्ञासा और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाई। स्पोकन इंग्लिश सत्र में बच्चों की अंग्रेजी बोलने की झिझक को छोटे-छोटे अभ्यासों के माध्यम से दूर किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा।

इसके साथ ही सरस्वती वंदना, योग, नृत्य एवं खेलकूद जैसी गतिविधियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए त्रयंबक भगत ने कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें नई-नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। इस निशुल्क समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय समिति, आचार्य परिवार एवं बच्चों का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर के प्रथम दिन लगभग 103 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बेलगाम रफ्तार का कहरः लांजी-आमगांव मार्ग पर आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक..

### युवक की मौत, एक गंभीर घायल..







जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में बेलगाम रफ्तार और लापरवाही के चलते सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शुक्रवार 1 मई शाम 5:30 बजे लांजी-आमगांव मार्ग पर कारंजा पावर हाउस के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई***

जोरदार टक्कर में एक 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की मिली जानकारी के अनुसार, केरेगांव निवासी आकाश पिता युवराज एड़े (28 वर्ष) शुक्रवार को आमगांव से शादी की खरीदारी कर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच 35 एन 8114 से वापस अपने गांव लौट रहा था।

शाम लगभग 5.30 बजे जैसे ही वह कारंजा पावर हाउस के पास अशोक मेंढे के घर के सामने पहुँचा, विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आकाश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में दूसरी मोटरसाइकिल बिना नंबर की प्लेटिनाढ्ढ पर सवार कारंजा निवासी नरेश पिता नानिकराम मेंघरे 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए भेजा गया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर उन्हें गोंदिया भेज दिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की सहायता से मृतक आकाश के शव को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। शव को शवगृह में सुरक्षित रखा गया है, जिसका शव परीक्षण शनिवार 2 मई की सुबह किया जाएगा।

प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना के पीछे एक बार फिर शराब का सेवन प्रमुख कारण के रूप में सामने आया है।

क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने प्रशासन और यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों ने बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा की अगर वाहन चालक हेलमेट पहने हुए होते तो हादसा इतना गंभीर नहीं होता वहीं वाहन चालकों से सावधानी और संयम बरतने की अपील की है।

## भिमोड़ी में गौ माता की पूजा अर्चना कर गोपीनाथ गौशाला का हुआ शुभारंभ..







जगप्रेरणा लांजी।

***जहाँ आज के समय में लोग जमीन-जायदाद को लेकर विवादों में उलझे रहते हैं, वहीं लाँजी क्षेत्र के ग्राम भिमोड़ी में सेवा, श्रद्धा और समर्पण की एक ऐसी मिसाल सामने आई है,***

जिसने मानवता को एक नई दिशा देने का कार्य किया है। गौमाता के प्रति अगाध आस्था रखते हुए एक व्यक्ति ने अपनी निजी भूमि और स्वयं के व्यय से जो कार्य किया, वह समाज के लिए प्रेरणा का जीवंत उदाहरण बन गया है। क्षेत्र के ग्राम भिमोड़ी में रहने वाले कैलाश पाड़े ने अपनी ढाई एकड़ निजी भूमि पर स्वयं के खर्च से एक भव्य 'श्री गोपीनाथ गौशाला' का निर्माण कर समाज में सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की है। 1 मई को वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा) के पावन अवसर पर गौशाला का विधिवत पूजन अर्चन कर फीता काटकर मुख्य अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया गया। कैलाश पाड़े ने इस सेवा प्रकल्प को अपने पूज्य पिता स्व. श्री गोपीचंद नथी पाड़े एवं माता श्रीमती नाथीबाई पाड़े की स्मृति को समर्पित करते हुए उनके संस्कारों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कैलाश पाड़े के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि अपनी निजी भूमि और स्वयं के व्यय से गौशाला का निर्माण करना उनके निस्वार्थ सेवा भाव और गौमाता के प्रति अटूट श्रद्धा को दर्शाता है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति....

इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लाँजी राजकुमार करहि, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, सरपंच भिमोड़ी श्रीमती चित्ररेखा पुरुषोत्तम अस्तने, सरपंच बेनेगांव संतोष बुढ़ावने, सरपंच कोचेवाही संतोष यादव, एकल अभियान संच अध्यक्ष झनकार किरनापुरे, विशाल खोंगल, मेहपत कुशले, चमरू बिलगैया, कारंजा उपसरपंच नीलेश शिवनकर, सुरेश चुटे, मेहतर बुढ़ावाने, झाडूलाल धामने सहित बड़ी संख्या में सभी गणमान्य गण एवं मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और मातृशक्ति भी कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे विधिवत पूजन, यज्ञ और गौमाता की पूजा के साथ हुई। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री कैलाश पाड़े एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पाड़े ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर शाक्यमुनि बुद्ध विहार मे विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन






जगप्रेरणा किरनापुर।

***संपूर्ण विश्व को करुणा, शांति,प्रेम, बंधुत्व व भाईचारे का संदेश देने वाले तथागत सम्यक समबुद्ध की जयंती तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर के बौद्ध धम्म उपासकों द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।***

इस अवसर पर शाक्य मुनि बुद्ध विहार किरनापुर मे सर्वप्रथम तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती, अगरबत्ती धूपबत्ती प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से त्रिशरण पंचशील का पाठ करते हुए महापरित्राण पाठ किया गया। तत्पश्चात वक्ताओं द्वारा विश्व कल्याण के लिए सम्यक समबुद्ध द्वारा दिए गए मानवता के संदेश को जन-जन तक प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया। तथा बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि आज ही के दिन वैशाख पूर्णिमा को सिद्धार्थ गौतम का जन्म हुआ तथा आज ही के दिन वैशाख पूर्णिमा को उन्हें बोधि ज्ञान की प्राप्ति हुई तथा उनका महापरिनिर्वाण भी वैशाख पूर्णिमा के ही दिन हुआ था। आज की यह तिथि त्रिगुण पावन पर्व बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाई जाती है। जिसके चलते बुद्ध पूर्णिमा के रूप में धम्म उपासक उपासकों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी को खीर पूरी सहित फल वितरण किया गया। तथा सांध्य बेला में बस स्टैण्ड किरनापुर मे बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित की गई। इस कार्यक्रम के अवसर पर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थापना एवं जयंती समारोह समिति अध्यक्ष जे पी रामटेके, भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व्ही एन मेश्राम, एम आर बागड़े, एस सी वैद्य,एस आर पटले, एन एल निकुसे, बी आर डोंगरे,डॉ शुभेच्छा पलास ऊके, राकेश बोरकर, मिलिंद चौरे, रमा शंकर हिरकने, राहुल वैद्य स्वाकेश भीमटे, मनीष मेश्राम, फ़नेन्द्र मेश्राम, मनोज मेश्राम, कुलदीप भीमटे, शेखर भीमटे, उमा ताई मेश्राम, साधना गोंडाने, उर्मिला ताई मेश्राम, सीमा बोरकर, ममता बोरकर, प्रियंका हुमनकर, आशा गेडाम, आरजू मेश्राम, पुष्पा मेश्राम, विमला ताई भोयर, सुभाष भीमटे सहित अनेक लोगों की मौजूदगी रही।

## अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत किरनापुर क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई की गई।***

उप संचालक खनिज प्रशासन के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल एवं थाना प्रभारी किरनापुर की टीम ने रात्रि में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान किरनापुर में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली (क्रमांक **MP50A 3419**) को रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक रमेश पाँचे, पिता सुकचरण पाँचे, निवासी वार्ड नंबर 01, किरनापुर, तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट पाया गया।अधिकारियों ने वाहन को रेत सहित जप्त कर थाना किरनापुर की अभिरक्षा में रख दिया है। संबंधित वाहन के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफइस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## बुद्ध पूर्णिमा पर प्राचीन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन

### आज हवन पूजन के साथ होगा महाप्रसाद वितरण..





जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना को लेकर पुराना थाना परिसर स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में 01 मई 2026 से पावन अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन प्रारंभ हो चुका है।***

प्रभु श्रीराम और संकटमोचन हनुमान जी की कृपा से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ 1 मई को दोपहर 12 बजे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। यह पाठ निरंतर 30 घंटों तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालु बारी-बारी से शामिल होकर प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र का श्रवण एवं पाठ करेंगे। पूरे मंदिर परिसर में राम नाम की गूंज के साथ वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। अखंड पाठ के दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और सत्संग का भी आयोजन किया गया है जिससे श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव कर रहे हैं। आयोजन स्थल को विशेष रूप से सजाया गया है।

इस पावन अनुष्ठान का समापन आज 02 मई 2026 को सायं 6 बजे अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ किया जाएगा। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं पूर्ण आहुति दी जाएगी, जिसके माध्यम से वातावरण को शुद्ध और पवित्र किया जाएगा। इसके पश्चात भव्य महा आरती का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ प्रभु श्रीराम और हनुमान जी की आराधना करेंगे। दीपों की रोशनी और जयकारों के बीच पूरा मंदिर परिसर दिव्य आभा से आलोकित हो उठेगा। महा आरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी (भंडारा) की व्यवस्था की गई है, जहां भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। हनुमान मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है। समिति का कहना है कि भक्तों की सहभागिता से यह आयोजन और भी अधिक दिव्य एवं सफल बनेगा।

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## भगवान बुद्ध का पंचशील: सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर भारत का आधार

भगवान बुद्ध का धम्म केवल एक आध्यात्मिक मार्ग नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक संहिता है जो किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव बन सकती है। बुद्ध की शिक्षाओं का सार 'पंचशील' में समाहित है। आज जब हम एक सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प ले रहे हैं, तो बुद्ध के ये पांच सिद्धांत हमारे लिए एक 'ब्लूप्रिंट' की तरह हैं।

### पंचशील: व्यक्ति से राष्ट्र तक का मार्ग

बुद्ध ने उपासकों के लिए पांच नैतिक नियमों का विधान किया है, जिन्हें पाली में इस प्रकार दोहराया जाता है:

पाणातिपाता वेरमणी सिक्खापदं समादियामि। (हिंसा से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ।)

अदिन्नादाना वेरमणी सिक्खापदं समादियामि। (चोरी या अनैतिक अर्जन से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ।)

कामेसुमिच्छाचारा वेरमणी सिक्खापदं समादियामि। (व्यभिचार और इंद्रियजन्य दुराचार से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ।)

मुसावादा वेरमणी सिक्खापदं समादियामि। (असत्य और कटु वचन से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ।)

सुरामेरयमज्जपमादट्ठाना वेरमणी सिक्खापदं समादियामि। (मादक द्रव्यों के सेवन से विरत रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ।)

विकसित भारत के निर्माण में भूमिका

### 1. सामाजिक समरसता और शांति (अहिंसा)

एक विकसित राष्ट्र के लिए शांति अनिवार्य शर्त है। बुद्ध के 'अहिंसा' के सिद्धांत का अर्थ केवल शारीरिक हिंसा का त्याग नहीं, बल्कि मन में करुणा का भाव जागृत करना है। जब समाज में घृणा के स्थान पर मैत्री (स्न्हहहड्ड) होगी, तभी आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी और राष्ट्र अपनी ऊर्जा विकास कार्यों में लगा पाएगा।

### 2. आर्थिक शुचिता और आत्मनिर्भरता (अस्तेय)

'अदिन्नादाना' का अर्थ है जो दिया नहीं गया, उसे न लेना। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के लिए यह सूत्र रामबाण है। यदि देश का प्रत्येक नागरिक और तंत्र इस सिद्धांत का पालन करे, तो संसाधनों का समान वितरण होगा। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक उत्पादन से नहीं, बल्कि नैतिक ईमानदारी से आती है, जिससे राष्ट्र का धन राष्ट्र के कल्याण में उपयोग हो।

### 3. चारित्रिक बल (ब्रह्मचर्य/संयम)

किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसके युवाओं के चरित्र में निहित होती है। बुद्ध का 'कामेसुमिच्छाचारा' का नियम हमें इंद्रिय संयम और अनुशासन सिखाता है। एक अनुशासित कार्यबल ही भारत को वैश्विक विनिर्माण और नवाचार का केंद्र बना सकता है।

### 4. पारदर्शी शासन और संवाद (सत्य)

'मुसावादा' का त्याग अर्थात सत्य का मार्ग। विकसित भारत के लिए पारदर्शी नीतियां और विश्वसनीय संचार आवश्यक है। जब नागरिक और सरकार के बीच सत्य और विश्वास का सेतु होगा, तभी नीतियां धरातल पर प्रभावी होंगी।

### 5. स्वस्थ और सजग नागरिक (मद निषेध)

'सुरामेरयमज्ज...' का त्याग एक स्वस्थ समाज की रचना करता है। व्यसनमुक्त भारत ही एक 'सजग' और 'उत्पादक' भारत बन सकता है। नशा केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि निर्णय लेने की क्षमता का भी नाश करता है।

बुद्धवाणी: धम्म ही ध्येय है
धम्मपद में बुद्ध कहते हैं:
÷नत्थि सन्तिपरं सुखं÷
(शांति से बढ़कर कोई सुख नहीं है।)

भारत की आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल स्वयं के लिए उन्नति नहीं, बल्कि 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के भाव से विश्व का कल्याण करना है। बुद्ध का दर्शन हमें सिखाता है कि ÷अत्त दीपो भव÷ (अपना दीपक स्वयं बनो)। यह सूक्त ही आत्मनिर्भरता का मूल मंत्र है। जब भारत अपने भीतर के नैतिक और बौद्धिक प्रकाश को जगाएगा, तो वह



स्वतः ही 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित होगा।अप्प दीपो भव **(Attha Deepo Bhava)**: बुद्ध का यह उपदेश कि ÷अपना दीपक स्वयं बनो÷, आधुनिक व्यक्तिवाद और आत्मनिर्भरता का सबसे बड़ा प्रेरक है। यह वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देता है कि किसी भी बात को केवल इसलिए न मानें क्योंकि वह कही गई है, बल्कि उसे तर्क की कसौटी पर कसें।

प्रतीत्यसमुत्पाद **(Dependent Origination)**: बुद्ध का यह सिद्धांत कि हर कार्य के पीछे एक कारण है, आधुनिक विज्ञान **(Cause and Effect)** का आधार है। पर्यावरण संकट के इस दौर में यह दर्शन हमें सिखाता है कि प्रकृति और मनुष्य एक-दूसरे पर निर्भर हैं।

बुद्ध का मार्ग 'मध्यम प्रतिपदा' **(Middle Path)** का मार्ग है। यह अतिवाद को त्याग कर संतुलन की बात करता है। यदि हम तकनीकी उन्नति के साथ-साथ बुद्ध के पंचशील को अपने जीवन और नीतियों में उतार लें, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत न केवल आर्थिक रूप से विकसित होगा, बल्कि नैतिक रूप से सशक्त और वैचारिक रूप से आत्मनिर्भर होकर विश्व को दिशा देगा।

नमो बुद्धाय।

लेखक



डॉ. निलेश राऊत
सामाजिक चिंतक

## हर कोई सुनाते हैं दास्ताँ मेरी..

हर कोई सुनाते हैं दास्ताँ मेरी,
झूठ से बढ़ी इज्ज़त यहाँ मेरी।

सबको लड़ा कर नाम कमाया,
मानते हैं बातें सभी वहाँ मेरी।

मेरा नहीं कोई ना मैं किसी का,
फिर भी देखो समझे ज़ुबाँ मेरी।

मैं अलौकिक हूँ माने ये जनता,
बताओं इसमें ग़लती कहाँ मेरी।

मैं तो बस खेल दिखाने वाला हूँ,
फँसे सब मायाजाल में यहाँ मेरी।

मुझे तो घूमना है सारी दुनियाँ को,
ये जग सच्चा माने ख़ता कहाँ मेरी।

अनिल कसेर 'उजाला'

## हम अपने हर दिन को..

हम अपने हर दिन को
त्यौहार करते हैं
भाईचारे का सभी
से व्यवहार करते हैं
आओं मिला करो
कभी तो हमसे यारों
हम मानवता का
यहाँ प्रचार करते हैं



किशोर छिपेश्वर
'सागर', बालाघाट

## 'सोनमूड़ा पर प्रभात'..


'सोनमूड़ा पर प्रभात'
सोनमूड़ा के सम्मुख,
पर्वत श्रृंखलाओं पर,
मनोहर लगता,
उदित होते भास्कर का दृश्य।
प्रकृति -नर्तकी के दिखते,
मधुर-मधुर नृत्य।
प्रभातकालीन अरुणिमा में,
पर्वत-शिखर से उदित होता भानु,
कुदरती सौन्दर्य से स्निग्ध होकर,
देता मुझे अनवरत अनुप्रेरण।
जीवन के विविध रूपों का ,
होता है प्रत्यक्ष दर्शन।
पर्वत के उत्तुंग शिखर,
विचारों की ऊँचाई का देते हैं संदेश।
विचारों एवं कार्य में,
समन्वय से,
साकार होता आशान्वित परिवेश।
निसर्ग एवं व्यक्ति की,
चिर मैत्री,
प्रीति के मधुरिम क्षणों से,
परम अनुरक्ति।
प्रीति से ही उदित होता,
जीवन का प्रभाकर।
मधुरिम प्रभात में,
खुलते ज्ञान के द्वार।
ज्ञान एवं प्रेम में,
समन्वय से,
हर्षित होता सारा संसार।
प्रकृति का सामीप्य,
देता हर्ष को नूतन आकार।
अमरकंटक की
खूबसूरत वादियों में,
शोणभद्र की उद्गमस्थली पर,
हृदय की भावनाओं का प्रवाह।
सोन के जलप्रवाह में,
प्रकृति के साहचर्य से
'यमुनेश्वरी'।
मधुर होते जीवन का आभास,
सोनमूड़ा पर नवल-प्रभात।

रचनाकार



वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 112



ck;। l। nk;। !& 1) चित्र 6) नाम के अनुसार किसी व्यक्ति में जब गुण दिखाई न दे तब कहीं जानेवाली एक कहावत 15) घड़ियाली आंसू, जब कोई दिखावटी दुःख व्यक्त करता है तब प्रयुक्त की जानेवाली शब्दावली 17) धब्बा 18) तप्त 19) झुका हुआ 20) आदर, परिमाण 21) भीगा हुआ, गीला 22) बुरी आदत 23) दरवाजा 25) सीमा 27) उदास, अस्वस्थ 29) स्वप्न, ख्वाब 29अ) गर्दभ, गधा 30) बकरा 31) कत्था, कुछ चिंता नही 32) नवीनता, नयापन 33) रामायण में श्रीरामजी के पिता 34) हिन्दी फिल्म जगत की पहली बोलती फिल्म 36) दरिद्र, गरीब 37) परेशान, दुखी 38) पहरेदार 39) कटोरियों में पानी भरकर आघात किया जानेवाला एक वाद्य 41) विजय प्राप्त करना 43) रक्षाबंधन को भाई के कलाई पर बांधा जानेवाला धागा 44) संजय दत्त, सलमान खान की फिल्म 'साजन' के निर्माता 47) आकाश 48) नौका, किश्ती 49) रामायण में रावण की राजधानी 50) अनादर, आज्ञा का पालन न करना 51) मुआवजा 53) अल्पवयस्क 55) असुर, राक्षस 57) नीर, जल 59) मजहब 60) बिलकुल 62) मुलायम, नाजुक 64) दिल्ली का एक प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल 67) एक पुराने चरित्र अभिनेता जो फिल्म वक्त में 'चिनॉयसेठ' बने थे 69) 'धर्म' का अपभ्रंश रुप 70) लवण 72) व्याकुल 73) गुजरात का एक प्रमुख शहर 75) न्यून 76) मुगल सम्राट अकबर के दरबार के गायक 78) साथ चलनेवाला 79) प्रज्वलित होना 81) भाव, दरवाजा 82) कृष्ण दीवानी संत कवयित्री 83) प्रेम 84) देवदूत, उद्धारक 86) गरम होना, आग के सामने बैठकर आंच लेना 88) कड़ुआ 89) गंध देना 93) सुंदर स्त्री 95) लज्जा करना 98) पिता के पिता के पिता 100) जो टुकड़े टुकड़े हो गया हो 102) 'सूरदास' का संक्षिप्त रुप 103) अनादरपूर्ण 104) निंदा करना अर्थवाला एक मुहावरा, नामकरण करना 105) वैकुंठ, स्वर्ग

Åij l। uhp। !& 1) क्रोध से चेहरा लाल होना 2) इस राजा के नाम पर से समुद्र को सागर कहा जाने लगा 3) शूर 4) मुसलमान इस महीने में रोजा रखते है 5) ठेलकर आगे सरकना 6) अश्रु 7) हिमालय पर्वत में स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ 8) शरीर का अवयव 9) सर्प 10) मृत्यु होना 11) गीला 12) पति की बहन 13) पुत्र 14) तुरन्त, झटपट 16) अंतड़ी 20) महीना 23) चार युगों में एक 24) एक महीन रेशमी कपड़ा 25) पचाया हुआ 26) हमारा राष्ट्रीय पक्षी 27) किसी दूसरे स्थान पर 28) पुरुष 29) सदेह, देहसहित 30) पृथक 31) दान 33) धधकना, जलना 34) शुरु करना 35) जीवनभर 38) मुख्य 39) अजय ......., भारतीय क्रिकेट संघ का एक भूतपूर्व खिलाड़ी (कुलनाम) 40) देह, शरीर 42) भारत का एक प्राचीन विश्वविद्यालय 43) महाराष्ट्र के एक पुराने प्रसिद्ध संत जो शिवाजी महाराज के गुरु भी थे 44) भारत के निकटस्थ एक द्वीप 45) दुकान की पहिली बिक्री 46) करनेवाला, क्रिया 48) नाक 50) मौका 52) तहसीलदार का एक सहाय्यक अधिकारी 54) काम 56) पापी मनुष्य 57) दिल्ली का एक हवाई अड्डा 58) मूर्ख 59) बिहार का खदानों के लिए प्रसिद्ध एक शहर 61) एक स्थान पर न रहकर सदैव भटकनेवाला, परिव्राजक 63) चिन्तन 65) महाराष्ट्र के अभंगो की रचनाओं के लिए प्रसिद्ध संत 66) सरदार (उर्दू) 67) ठहर, वास कर 68) स्त्री जाति का प्राणी 71) बड़ी विपत्ति 73) ऊलजलूल, बेवजह की बातें 74) एक ओर, अलग 75) कोलकाता का पूर्ववर्ती नाम 77) दास, नोकर 80) बेल 85) समाचार, अवस्था 87) गोरी चमड़ीवाला, सफेद 90) सुंदर 91) नासमझ 92) पराजित होना, चुराना 94) नृत्य करना 95) लज्जा 96) निरपराध, बेगुनाह 97) खामोश, मौन 99) पैसा, मूल्य 101) तल्लीन, नशे में मदमस्त (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | सा | फि | र | | बा | स | म | ती | | इ | ना | म | | हि | मा | च | ल | प्र | दे | श |
| स | फ | र | | ह | ला | ह | ल | | वै | | म | | ख | ट | म | ल | | णा | | क्क |
| ल | | ना | पा | क | | दे | ना | | ज | ना | र्द | न | | ल | ला | | श | म | शे | र |
| मा | ला | | स | दा | शि | व | | ज | यं | ती | | क | म | र | | ह | क | | ष | |
| न | य | न | | र | वा | | ध | र | ती | | खा | ली | | | म | द | | ज | ना | ब |
| | क | स | म | | ल | ग | न | | मा | द | क | | सु | दि | न | | ना | य | ग | रा |
| वि | | ल | | पा | य | ल | | प | ला | श | | त | न | या | | दु | | ज | | ब |
| शा | दी | | म | त | | त | म | स | | र | क्त | | ह | स | र | त | ज | य | पु | री |
| खा | | दि | न | क | र | | ग | | न | थ | | नि | रा | ला | | का | ल | का | | |
| प | क | वा | न | | फू | ल | न | दे | वी | | खा | रा | | ई | श्व | र | | र | स | ना |
| ट्ट | | ली | | बं | | गा | | व | न | स्प | ति | शा | स्त्र | | स | ना | थ | | र | ग |
| न | या | | नं | द | न | व | न | | ता | | र | | | म्या | न | | र | थ | का | र |
| म | द | द | गा | र | | | शा | ला | | अ | दा | ल | त | | | प | थ | क | र | |
| | व | र | | गा | फि | ल | | ज | न | व | री | | क | पा | ल | | रा | ना | | पी |
| कौ | | बा | र | ह | | ला | वा | | ख | स | | द | ली | ल | | मा | ह | | मौ | त |
| आ | म | र | ण | | खा | ट | | श | रा | र | त | | फ | की | र | | ट | क | सा | ल |


anumeya-08446302691

## शब्द अंताक्षर


दिये हुये शब्दही इस चौकोन में इस तरह लिखना है के गोल में आनेवाले अक्षर से बादवाले शब्द का आरंभ होता है.

x.k'k
ri
jde
uje
;;kfr
uhye
uxj
'kfoyd
tuer
jk/k;
dU;knku
;ejkt
ru
ukjn
eukn;
jtr
nok[kkuk

frrj
e/kdj
dye
jtuh
edcjk
ukfLrd
eghuk



fiNyh vad dh jpuk dk tokc





## सू-डोकू- 112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | 5 | 9 | | |
| 8 | 1 | | | 2 | | | 3 | 5 |
| | 5 | | 9 | | | | 2 | 1 |
| 5 | 3 | | 8 | 9 | | 2 | 7 | |
| 9 | | 6 | 2 | | 3 | | | 4 |
| | 7 | 4 | | 5 | | 8 | 9 | |
| | 9 | | 1 | | 8 | 7 | | 2 |
| 4 | | | | 3 | | | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 8 | | | | 3 | | 9 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

lMkd 111 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 6 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 | 2 |





# जन्मदिन पर गौ सेवा के लिए निकले वरुण धवन, नन्ही बेटी संग गाय माता को खिलाया खाना..

डेस्क जगप्रेरणा।

*अभिनेता वरुण धवन ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया और फैन्स से ढेर सारी बधाइयां भी मिलीं। इस साल वरुण ने भव्य पार्टियों के बजाय जानवरों की शांत और सुकून भरी उपस्थिति में अपना जन्मदिन मनाने का एक अनोखा तरीका चुना।*



वरुण ने अपना पूरा दिन एक पशु आश्रय में बिताया, जहां उन्होंने पक्षियों, गायों और अन्य जानवरों को खाना खिलाया, उनके साथ खेला और उनके साथ सुकून का अनुभव किया। वरुण ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी पत्नी नताशा दलाल और बेटी लारा के साथ नजर आ रहे हैं।

## गाय को चारा खिलाते दिखे वरुण धवन..

वीडियो की शुरुआत में वरुण को गौशाला में गायों को चारा खिलाते हुए और अपनी छोटी बेटी को रास्ता दिखाते हुए देखा जा सकता है। एक मजेदार दृश्य में वरुण अपने कंधे पर एक पक्षी के साथ पोज देते हुए भी नजर आए। अपने कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'अपनी खुशी ढूंढो। मेरे जन्मदिन पर मुझे गोवा में स्थित पशु आश्रय स्थल जाने का सौभाग्य मिला। जब भी समय मिले, कृपया वहां जाएं और इन प्यारे जानवरों से मिलें।'

काम के मोर्चे पर, वरुण अगली बार अपने पिता के निर्देशन में बनी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगे, जिसमें मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी हैं। अभिनेता ने पुष्टि की कि कई बदलावों के बाद फिल्म अब 5 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 5 जून को रिलीज होगी वरुण की फिल्म..

अपने कैप्शन में अभिनेता ने लिखा, '5 जून, 2026 को सिनेमाघरों में। यश और मैडॉक का शुक्रिया जिन्होंने हमारी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट तय करने में मदद की। अब यह फिल्म अपनी तय तारीख पर रिलीज होगी। आईपीएल के बाद रिलीज होने वाली पहली फिल्म।' हाल के हफ्तों में फिल्म की रिलीज डेट में कई बार बदलाव हुए।

पहले यह 5 जून को रिलीज होने वाली थी, फिर यश द्वारा 'टॉक्सिक' को 4 जून को रिलीज करने की घोषणा के बाद इसे 12 जून कर दिया गया। बाद में, निर्माताओं ने फिल्म को 22 मई को रिलीज करके प्रशंसकों को चौंका दिया। अब, 'टॉक्सिक' के रिलीज डेट से हटने के बाद, वरुण की फिल्म अपनी मूल निर्धारित तारीख पर वापस आ गई है।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे चेन्नई और मुंबई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच आईपीएल में शनिवार को यहां करो या मरो का मुकाबला होगा,*



जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है। सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है।

विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं। मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्य क्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं।

अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी किस्मत पलटने के लिए इस मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके को उम्मीद होगी कि उसके स्पिनर चेपॉक की धीमी पिच का फायदा उठाने में सफल रहेंगे, जबकि मुंबई की टीम स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए अपने पावर हिटर्स पर निर्भर रहेगी।

चेन्नई और मुंबई की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दोनों में से कोई भी टीम इस मैच में स्पष्ट रूप से जीत की हकदार नहीं है, जिससे यह मुकाबला आईपीएल की पारंपरिक रूप से सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में वर्चस्व की लड़ाई के बजाय अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। आठ मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर काबिज रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके को लगातार खराब प्रदर्शन,

खराब नेट रन रेट और महेंद्र सिंह धोनी की लंबे समय तक अनुपस्थिति के कारण प्लेऑफ में पहुंचने को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। धोनी सत्र से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में खिंचाव के कारण अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं जबकि शुरुआत में माना जा रहा था कि वह जल्द वापसी करेंगे। संजू सैमसन सीएसके के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। इसी सत्र में चेन्नई की टीम से जुड़ने वाले सैमसन ने आठ पारियों में 300 से अधिक रन बनाए हैं, जिनमें दो शतक भी शामिल हैं। वह एक बार फिर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

गेंदबाजी में जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज ने सीएसके के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। मुंबई इंडियंस की टीम बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन का बचाव करने में नाकाम रही थी जिससे उसकी स्थिति बद से बदतर हो गई है। इस मैच में उसकी गेंदबाजी की कमजोरियां भी उजागर हो गई।

सीएसके की स्थिति मुंबई से थोड़ी बेहतर है। मुंबई नौवें स्थान पर है और उसे प्लेऑफके लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अपने शेष सभी छह मैच जीतने होंगे।

## टीम इस प्रकार हैं:

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक, मयंक रावत,

नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, कृष भगत, एएम गजनफर, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुईं हेमा मालिनी

## आशा भोसले को भी दी श्रद्धांजलि..

डेस्क जगप्रेरणा।

*हेमा मालिनी ने गुरुवार को नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में 'लेंस एंड लेगेसी: बॉलीवुड इन फोकस' प्रदर्शनी के भव्य उद्घाटन के अवसर पर दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र और गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की।*



कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए हेमा मालिनी ने बॉलीवुड उद्योग में धर्मेंद्र के योगदान को याद किया और कहा कि दिवंगत अभिनेता ने अपने काम से लाखों दिलों को जीता था। मा मालिनी ने कहा, 'मने धर्मेंद्र जी को श्रद्धांजलि दी है, और इसीलिए मैं यहां हूं। उन्होंने उद्योग के लिए बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने अपने अभिनय से लाखों लोगों के दिलों को छुआ है।'

## आशा भोसले को भी किया याद..

उन्होंने गायिका आशा भोसले को उद्योग की सुनहरी आवाज बताते हुए उन्हें भी श्रद्धांजलि दी। हेमा मालिनी ने अपने करियर में भोसले के योगदान को भी याद किया।हेमा मालिनी ने कहा, 'रसिद्ध गायिका आशा भोसले अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी आवाज सुनहरी थी। उन्होंने मेरी कई फिल्मों में गाने गाए थे। वे दिग्गज थे (धर्मेंद्र, आशा भोसले)।'

रत की सबसे प्रिय आवाजों में से एक, आशा भोसले का 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में कई अंगों के फेल होने के कारण निधन हो गया। इस महीने की शुरुआत में मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। विक्की कौशल और आमिर खान सहित कई सितारे अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शास्त्रीय गायक और रंगमंच अभिनेता पंडित दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री आशा भोसले ने कम उम्र में ही संगीत की दुनिया में कदम रखा और एक अद्वितीय विरासत का निर्माण किया।

## 2025 में हुआ था धर्मेंद्र का निधन..


संगीतकार आर.डी. बर्मन के साथ आशा भोसले को भारतीय सिनेमा के सबसे चर्चित सहयोगों में गिना जाता है। उनके प्रतिष्ठित गीतों में 'पिया तू अब तो आजा' और विद्रोही गीत 'दम मारो दम' शामिल हैं। धर्मेंद्र की बात करें तो, अभिनेता का 24 नवंबर, 2025 को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया, और वे छह दशकों से अधिक की एक विशाल विरासत छोड़ गए। अपनी करिश्माई उपस्थिति,

सौम्य मुस्कान और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाने वाले, उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं में से एक माना जाता था। उनके काम में 'शोले', 'चुपके-चुपके', 'आया सावन झूम के', 'आई मिलन की बेला' और 'अनुपमा' जैसी क्लासिक फिल्में शामिल हैं।

# आईपीएल में लगी चोट, अब इंटरनेशनल क्रिकेट भी नहीं खेल पाएगा, एक महीने के लिए बाहर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*आईपीएल के बीच बीच में खिलाड़ी चोटिल भी हो रहे हैं। ये टूर्नामेंट इतना लंबा होता है कि किसी ना किसी मैच में प्लेयर को थोड़ी बहुत चोट लग ही जाती है। अब एक और खिलाड़ी चोटिल हो गया है।*



आईपीएल से तो वो पहले ही बाहर हो गया था, अब खबर है कि इंटरनेशनल मुकाबले भी नहीं खेल पाएगा। कहा जा रहा है कि कम से कम एक महीने के लिए अब खिलाड़ी मैदान से दूर रहेगा। ये हैं मिचेल सेंटनर, जो आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे थे।

## न्यूजीलैंड के कप्तान हैं मिचेल सेंटनर, मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे थे आईपीएल..

मिचेल सेंटनर वनडे और टी20 इंटरनेशनल में न्यूजीलैंड की कप्तानी करते हैं। इस बार के आईपीएल में वे मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। सेंटनर की खास बात ये है कि वे स्पिन गेंदबाजी तो करते ही हैं, साथ ही नीचे के क्रम में आकर तेजी से रन भी बना लेते हैं। 23 अप्रैल को जब मुंबई इंडियंस का मुकाबला चेन्नई सुपरकिंग्स से हो रहा था, तभी सेंटनर के कंधे में चोट लग गई थी। पहले अंदाज नहीं था कि चोट इतनी गंभीर है, लेकिन अब पता चला है कि वे कुछ वक्त के लिए टीम से बाहर ही रहेंगे।

## आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट से रहेंगे बाहर..

अब जानकारी हाथ लगी है कि सेंटरन करीब एक महीने के लिए मैदान से दूर रहेंगे। सेंटनर को ग्रेड थ्री **ACL** कंधे की चोट है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम आयरलैंड के दौरे पर जाने वाली है, जहां एक टेस्ट खेला जाएगा। इससे तो सेंटनर बाहर रहेंगे, साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट में भी वे खेल नहीं पाएंगे। इससे टीम को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## केशव महाराज की हो चुकी है मुंबई इंडियंस में एंट्री..

सेंटनर आईपीएल मैच के दौरान कैच लेने की कोशिश में गिर गए थे, जिससे उनके मुंह पर चोट लगी और कंधा भी चोटिल हो गया। इसके तुरंत बाद वे वापस चले गए थे। उनके कन्कशन के तौर पर शार्दुल ठाकुर मैदान में आए थे। हालांकि बाद में साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज को सेंटनर के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

अभी तक मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन इस आईपीएल सीजन अच्छा नहीं रहा है। टीम टॉप की रेस में तो है, लेकिन इसकी उम्मीद कम है कि वो वहां तक पहुंच पाएगी।

# कितना रहा रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी का पहले दिन का कलेक्शन? हिंदी से ज्यादा मराठी भाषा में कूटे पैसे..

डेस्क जगप्रेरणा।

*महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर रिलीज हुई फिल्म 'राजा शिवाजी' महज एक ऐतिहासिक फिल्म नहीं है, बल्कि स्वराज (स्वशासन) और मराठा पहचान की भावना को जगाने वाली एक कथा है। रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा है।*

इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे और जेनेलिया देशमुख ने मुंबई फिल्म कंपनी के बैनर तले किया है और इसे जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म की अवधि 3 घंटे 15 मिनट है। **Sacnilk** के अनुसार, राजा शिवाजी के पहले दिन के कुल शो की संख्या 4,582 है। अब तक इस पीरियड ड्रामा ने पहले दिन 10.05 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिलहाल, भारत में कुल कमाई 8.52 करोड़ रुपये है। यह ध्यान देने योग्य है कि ये आंकड़े दिन के अंत तक बदल जाएंगे और कल सुबह 10:00 बजे तक अपडेट कर दिए जाएंगे।

## क्या है कहानी?



फिल्म की कहानी कई चैप्टर्स में फैली हुई है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्षों और स्वराज के सपने को दर्शाती है। यह फिल्म न केवल भव्य युद्धों को दर्शाती है, बल्कि अंतरंग क्षणों, सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और रिश्तों के महत्व को भी उजागर करती है, जो फिल्म को अधिक प्रामाणिक और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बनाते हैं। रितेश देशमुख ने शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। संजय दत्त अफजल खान की भूमिका में हैं। अभिषेक बच्चन संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, जबकि फरदीन खान शाहजहाँ का किरदार निभा रहे हैं।

## सलमान खान ने भी किया कैमियो..

भाग्यश्री जीजाऊ के रूप में नजर आती हैं, साथ ही सचिन खेडेकर, महेश मांजरेकर, जितेंद्र जोशी और अमोल गुप्ते सहायक भूमिकाओं में हैं। जेनेलिया देशमुख रितेश की पत्नी की भूमिका में हैं और सलमान खान ने जीवा महाला के रूप में कैमियो किया है। संगीत अजय-अतुल ने तैयार किया है और फिल्म का निर्देशन रितेश देशमुख ने किया है। यह फिल्म हिंदी, मराठी और तेलुगु में रिलीज हो चुकी है।

अब देखना होगा कि क्या ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन कर पाती है या नहीं। फिल्म को लेकर काफी सुर्खियां भी देखने को मिली थीं। फिल्म के ट्रेलर में ही इसकी झलक देखने को मिल रही थी। अब वीकेंड पर फिल्म की कमाई में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

# पराग 'वेपिंग' घटना पर राजस्थान रॉयल्स के पूर्व स्टार अश्विन ने कहा, इससे बचा जा सकता था..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग की 'वेपिंग' घटना से बचा जा सकता था। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से सार्वजनिक जगहों पर अपने व्यवहार के प्रति सचेत रहने की बात भी कही।

मौजूदा सत्र में खराब फॉर्म में चल रहे राजस्थान रॉयल्स के कप्तान पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान कैमरे में 'वेपिंग' करते हुए पकड़े गए थे। 'वेपिंग' या किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का सेवन प्रतिबंधित है और बीसीसीआई ने असम के इस खिलाड़ी पर 'खेल को बदनाम करने' के लिए उसकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से ऐसी स्थिति थी जिससे बचा जा सकता था। मैं चाहता हूं कि खिलाड़ी ऐसी चीजों में नहीं फंसें। मैं सच में किसी युवा खिलाड़ी के लिए ऐसा नहीं चाहता और यह थोड़ा संवेदनशील भी है। मुझे लगता है कि अगर हम कई चीजों को देखें तो इससे बचा जा सकता था।' बतौर सीनियर क्रिकेटर सलाह देते हुए उन्होंने निजी पसंद को सार्वजनिक जगह से अलग रखने की बात की और कहा, 'यह एक निजी पसंद होती है, लेकिन आपकी निजी पसंद आपकी निजी जगह में ही होनी चाहिए।



अगर आप यह सब सार्वजनिक जगह पर करते हैं तो इससे बहुत आसानी से बचा जा सकता है।' राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके अश्विन ने पराग को एक सलाह दी। उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना ही कहूंगा, यह एक बड़े भाई के तौर पर मेरी छोटी सी सलाह है। मैं रियान पराग से कहना चाहता हूं कि आपकी निजी जिंदगी में जो कुछ भी होता है, उससे किसी को कोई लेना-देना नहीं है। उसके बारे में कोई कुछ नहीं कह सकता। लेकिन आप जो कुछ भी करते हैं, उसे अपनी निजी जगह में करें क्योंकि आप एक कप्तान हैं, आप एक फ्रेंचाइजी के नेतृत्वकर्ता हैं।'

उन्होंने कहा, 'आप शायद कई क्रिकेटरों, कई युवाओं, कई युवा भारतीयों और दुनिया भर के युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। इसलिए कुछ जिम्मेदारी भी बनती है।'

अश्विन हालांकि इस युवा क्रिकेटर के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा, 'इस युवा बच्चे के लिए मेरे मन में गहरी सहानुभूति और हमदर्दी है, लेकिन साथ ही मेरा मानना है कि इन सभी चीजों से बचा जाना चाहिए और बचा जा सकता है।' उन्होंने इस घटना से सीख लेने की संभावना पर जोर देते हुए कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा कि इन बातों को नजरअंदाज कर देना चाहिए क्योंकि अगर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो कोई भी इससे कुछ नहीं सीखेगा। लेकिन बेहतर यही है कि ऐसी चीजों से बचा जाए।'

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# भर्ती गतिविधियां अप्रैल में छह प्रतिशत बढ़ीं, बीमा क्षेत्र शीर्ष पर: रिपोर्ट..




मुंबई, (भाषा)।

***देश में दफ्तरों में नौकरी करने वालों की नियुक्तियों में चालू वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।***

'नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स' नामक रिपोर्ट के अनुसार, बीमा क्षेत्र 21 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ नियुक्तियों के मामले में सबसे आगे रहा। इसके बाद बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ)/ सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं (आईटीईएस) (15 प्रतिशत), रियल एस्टेट (12 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (11 प्रतिशत) और शिक्षा (नौ प्रतिशत) का स्थान रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार और बैंकिंग क्षेत्रों में पिछले चार महीनों से जारी गिरावट का सिलसिला बना रहा। अप्रैल में इन क्षेत्रों में नियुक्तियां क्रमशः 11 प्रतिशत और 10 प्रतिशत तक गिर गईं। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), दवा और वाहन क्षेत्रों में भर्ती गतिविधियां लगभग स्थिर रहीं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 'वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में भर्तियों में अप्रैल के दौरान चार प्रतिशत की गिरावट देखी गई। यह मासिक सूचकांक देश के नौकरी बाजार और भर्ती रुझानों को दर्शाता है।

रिपोर्ट में भौगोलिक आधार पर प्रमुख महानगरों में दक्षिणी शहरों का दबदबा रहा। हैदराबाद में 12 प्रतिशत, बेंगलुरु में सात प्रतिशत और चेन्नई में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

दिल्ली-एनसीआर में तीन प्रतिशत की सीमित वृद्धि रही, कोलकाता लगभग स्थिर (एक प्रतिशत) रहा, जबकि मुंबई तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ एकमात्र प्रमुख महानगर रहा जहां नकारात्मक रुख देखने को मिला।

महानगरों के बाहर, जयपुर (12 प्रतिशत), कोयंबटूर (11 प्रतिशत) और अहमदाबाद (सात प्रतिशत) जैसे उभरते शहरों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जिससे मझोले शहरों (टियर-2) शहरों में भर्ती मांग के विस्तार का संकेत मिलता है। नौकरी डॉट कॉम के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हितेश ओबेरॉय ने कहा, ÷भर्ती गतिविधिों में गति बनी हुई है और जॉबस्पीक इंडेक्स में सालाना आधार पर छह प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। बीमा, रियल एस्टेट और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्र इस वृद्धि को गति दे रहे हैं।÷

# वाणिज्यिक सिलेंडर महंगा होने से होटल, रेस्तरां में 10-15 प्रतिशत की मूल्यवृद्धि संभव: निकाय..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***होटल एवं रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमत बढ़ने से पहले से ही दबाव में चल रहे होटल उद्योग को 'गंभीर झटका' लगा है और आगे स्थिति और बिगड़ने की आशंका पैदा हो गई है।***

उद्योग संगठनों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर कीमतों में वृद्धि वापस लेने की मांग की है। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी के साथ अब इसका दाम 3,071.50 रुपये प्रति सिलेंडर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले अप्रैल में 195.50 रुपये और मार्च में भी 144 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशंस ऑफइंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा, ÷एलपीजी कीमतों में हाल की वृद्धि के कारण परोसे जाने वाले व्यंजनों की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी लगभग तय लग रही है। लेकिन यह बढ़ोतरी भी शायद लागत की पूरी भरपाई नहीं कर पाएगी।÷

उन्होंने कहा कि 19 किलो वजन वाले वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम में तीन बार में हुई कुल 1,332.50 रुपये की बढ़ोतरी से उद्योग की परिचालन लागत अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है। ऐसा तब है जब व्यवसाय पहले से ही आपूर्ति व्यवधान, सीमित परिचालन क्षमता और कमजोर नकदी प्रवाह जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

शेट्टी के मुताबिक, कई प्रतिष्ठान पहले ही सीमित समय, सीमित मेन्यू और वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में ताजा मूल्य वृद्धि से उनके मार्जिन पर दबाव बढ़ेगा और संचालन अस्थिर हो सकता है।

उन्होंने आगाह किया कि कई प्रतिष्ठान पहले ही अस्थायी रूप से बंद हो चुके हैं और कीमतों में यह नई बढ़ोतरी प्रतिष्ठानों की बंदी और रोजगार में कटौती को और तेज कर सकती है।

# भारत-यूएई व्यापार समझौते से द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर के पार: गोयल..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मई 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (सीईपीए) के बाद द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है।***

गोयल ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि यूएई के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) अफ्रीका, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों, पश्चिम एशियाई देशों, स्वतंत्र देशों का राष्ट्रकुल (सीआईएस) देशों तथा कुछ यूरोपीय देशों के लिए प्रवेश द्वार का काम करता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच वस्तु व्यापार में मजबूत वृद्धि हुई है और यह 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। साथ ही सेवाओं का व्यापार भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे नए बाजार खुल रहे हैं और अधिक मूल्य सृजित हो रहा है।

भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 101.25 अरब डॉलर हो गया, जो 2024-25 में 100.03 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा कि रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में व्यापार का विस्तार हुआ है। इस बीच, भारत और ब्रिटेन ने भी द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने तथा व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) के तहत अवसरों का लाभ उठाने के उपायों पर चर्चा की। यह चर्चा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीटर काइल के बीच ऑनलाइन बैठक में हुई।

गोयल ने कहा, ÷हमने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) के तहत उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाते हुए व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर विचार किया।÷

भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को सीईटीए पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पर प्रवेश करेंगे, जबकि कार और व्हिस्की जैसे ब्रिटेन के उत्पादों पर भारत में शुल्क कम किए जाएंगे।

# अप्रैल में कोल इंडिया का उत्पादन घटा



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लि. का कोयला उत्पादन अप्रैल में 9.7 प्रतिशत घटकर 5.61 करोड़ टन रहा। इससे देश की तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।***

कोयला उत्पादन में यह गिरावट काफी अहम है, क्योंकि यह ईंधन देश में बिजली उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है और कुल बिजली उत्पादन में इसका हिस्सा 70 प्रतिशत से भी अधिक है।

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अप्रैल 2025-26 में 6.21 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था।

उद्योग जगत का कहना है कि गर्मियों में बिजली की मांग अपने चरम पर होने से बिजली की खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। ऐसे में उत्पादन में आई यह कमी तापीय बिजलीघरों और उद्योगों को होने वाली कोयले की आपूर्ति पर दबाव डाल सकती है। इससे आयातित कोयले की कीमतें बढ़ने की आशंका है।

सीआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कोल इंडिया की जिन सहायक कंपनियों के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है, उनमें ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) शामिल हैं। वहीं, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

हालांकि, कंपनी ने उत्पादन और उठाव, दोनों में आई इस गिरावट के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। कोयला क्षेत्र की यह दिग्गज कंपनी देश के कुल घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन में 75 प्रतिशत का योगदान देती है।

सीआईएल देश के कुल बिजली उत्पादन में 55 प्रतिशत का योगदान देती है और देश की प्राथमिक वाणिज्यिक ऊर्जा जरूरतों का 40 प्रतिशत हिस्सा पूरा करती है।

कोयला उत्पादन में यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब सोमवार को देश में बिजली की अधिकतम मांग बढ़कर 255.85 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

महारत्न कंपनी का उत्पादन वित्तवर्ष 2025-26 में 1.7 प्रतिशत घटकर 76.81 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने वित्तवर्ष 2024-25 में 78.11 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था।

शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, मार्च में कोल इंडिया का उत्पादन पिछले साल इसी समय के 8.58 करोड़ टन से घटकर 8.45 करोड़ टन रह गया।

सरकार ने पहले कहा था कि भारत का घरेलू कोयला उत्पादन लगातार उपभोक्ताओं की मांग के हिसाब से बढ़ रहा है और पश्चिम एशिया में हाल के तनाव के बीच, कोल इंडिया सभी क्षेत्रों के लिए बिना किसी रुकावट के कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मजबूत कदम उठा रही है।

# पश्चिम एशिया तनाव के बावजूद विदेश से पैसा भेजने पर कोई असर नहीं: आरबीआई डिप्टी गवर्नर



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारत में विदेश से भेजे जाने वाले 'मनी ऑर्डर' पर असर पड़ने की संभावना नहीं है***

और देश का भुगतान संतुलन 'संतोषजनक' स्थिति में बना रहेगा। गुप्ता ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि भारत के भुगतान संतुलन में कुछ अंतर्निहित मजबूती है, जिसमें चालू खाते के तहत मजबूत धनप्रेषण यानी बाहर से आने वाला मनी ऑर्डर और सेवा निर्यात तथा पूंजी खाते में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) शामिल हैं।

उन्होंने कहा, ÷भारत को हर साल 135 अरब डॉलर से अधिक रकम विदेशों से भेजी जाती है और यह राशि लगातार बढ़ रही है। यहां तक कि कोविड-19 जैसे संकट के दौरान भी इसमें केवल मामूली गिरावट आई थी।÷

उन्होंने कहा कि भारतीय धनप्रेषण में पश्चिम एशिया का हिस्सा घटकर लगभग 40 प्रतिशत रह गया है और प्रवासी भारतीयों का भौगोलिक वितरण अब अधिक विविध हो गया है। भारतीय प्रवासी अब सूचना प्रौद्योगिकी, होटल, स्वास्थ्य, शिक्षा और निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जिससे किसी एक क्षेत्र में व्यवधान का समग्र प्रवाह पर सीमित प्रभाव पड़ता है।

आरबीआई की डिप्टी गवर्नर ने कहा कि मार्च के धनप्रेषण आंकड़े पहले की तुलना में बेहतर रहे हैं, जो संभवतः लौटे प्रवासियों द्वारा लाए गए संचित धन के कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष मुख्य रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य तक सीमित है और पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र पर इसका व्यापक असर नहीं है।

उन्होंने कहा, ÷यदि कुछ प्रवासी वापस लौटते भी हैं, तो पुनर्निर्माण गतिविधियों के शुरू होने पर उनके लिए रोजगार के अवसर फिर बढ़ सकते हैं। इन सभी कारणों से मैं प्रेषण को लेकर चिंतित नहीं हूं।÷

मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण पर उन्होंने कहा कि राज्यों के बीच महंगाई के अलग-अलग रुझानों को देखते हुए भविष्य में ढांचे की समीक्षा के दौरान अधिक सूक्ष्म दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति लक्ष्य ढांचे की अगली समीक्षा 2030-31 में होगी और इसमें मुख्य मुद्रास्फीति के आंकड़ों में अधिक पारदर्शिता, उपभोक्ता बास्केट के नियमित अद्यतन तथा लक्ष्य सीमा में संभावित बदलाव जैसे मुद्दों पर विचार किया जा सकता है।

मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण रूपरेखा की हाल की समीक्षा में दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत का लक्ष्य बरकरार रखा गया है।

# बीआईएस ने व्हीलचेयर, बैसाखी जैसे उत्पादों के लिए नए सुरक्षा मानक तय किए



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 'एल्बो क्रच' (बैसाखी) से लेकर 'पोर्टेबल व्हीलचेयर रैंप' जैसे सहायक उत्पादों के लिए छह नए मानक जारी किए हैं। इसका मकसद देश में दिव्यांगों की सहायता के लिए उत्पाद बनाने वाले***

उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, ये मानक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की आवश्यक सहायक उत्पादों की राष्ट्रीय सूची पहल के तहत तैयार किए गए हैं। इनमें आवाजाही के लिए मददगार उपकरण, टेक्टाइल नक्शों और ब्रेल साइनेज के लिए सुलभ डिजाइन एवं व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लिए पोर्टेबल रैंप शामिल हैं।

'एल्बो क्रच' (कोहनी वाली बैसाखियों) के लिए जारी मानक आईएस 18558 (भाग 1): 2025, अंतरराष्ट्रीय आईएसओ 11334-1 मानक के अनुरूप है। इसमें पूरी तरह सुसज्जित बैसाखियों के लिए आवश्यकताएं और परीक्षण विधियां निर्धारित की गई हैं जिनमें हैंडग्रिप और टिप शामिल हैं।

इन मानकों में सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स, प्रदर्शन और मार्किंग एवं लेबलिंग जैसे विनिर्माताओं द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य जानकारी को शामिल किया गया है। वॉकिंग स्टिक (छड़ी) के लिए दो अलग-अलग मानक बनाए गए हैं। आईएस 5145: 2026...यह भारतीय मानक है जिसमें लकड़ी, बांस, एल्युमिनियम, प्लास्टिक और रबर से बनी छड़ियों के लिए सामग्री, आकार, आयाम, फिनिश और प्रदर्शन से जुड़े मानदंड तय किए गए हैं।

आईएस 18558 (भाग 4): 2025 मानक आईएसओ 11334-4 के अनुरूप है और तीन या अधिक पैरों वाली छड़ियों के लिए हैंडल, टिप, सुरक्षा और प्रदर्शन मानकों को निर्धारित करता है।

सुलभ डिजाइन से जुड़े आईएस 19189: 2025, आईएसओ 19028 के तहत टैक्टाइल (स्पर्शनीय) गाइड मैप के डिजाइन, जानकारी एवं प्रदर्शन के मानक तय करता है। इसका उद्देश्य दृष्टिबाधित या कम दृष्टि वाले लोगों को सार्वजनिक स्थानों, परिवहन क्षेत्रों और पार्क में सुरक्षित और स्वतंत्र रूप से आवाजाही में मदद करना है।

एक अन्य मानक आईएस 19190: 2025 (आईएसओ 17049 के अनुरूप) ब्रेल साइनेज के उपयोग से संबंधित है। इसमें ब्रेल अक्षरों के आयाम, सामग्री की विशेषताएं और सार्वजनिक व व्यावसायिक स्थानों पर इसके व्यावहारिक उपयोग के दिशा-निर्देश शामिल हैं।

पोर्टेबल रैंप और उद्योग परिप्रेक्ष्य से जुड़े आईएस 19631: 2026 एक स्वदेशी मानक है जिसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, स्ट्रोलर या कार्ट धकेलने वालों, बुजुर्गों तथा बच्चों के लिए पोर्टेबल रैंप शामिल हैं। यह घर, कार्यस्थल और सामुदायिक स्थानों में उपयोग के लिए लागू होगा।

ये मानक बीआईएस की तकनीकी समिति द्वारा तैयार किए गए हैं जिसमें उद्योग, शिक्षाविदों और सरकारी संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल हैं।

तकनीकी समिति में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर) जैसे सामाजिक संगठनों का भी प्रतिनिधित्व है।

मंत्रालय ने कहा कि यह पहल केंद्र सरकार के 'सुगम्य भारत अभियान' को मजबूत करेगा जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना है। बढ़ती वृद्ध आबादी के कारण भारत में सहायक प्रौद्योगिकी की मांग तेजी से बढ़ रही है।

बीआईएस के अनुसार, नए मानकों का पालन करने से घरेलू विनिर्माता अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को हासिल कर सकेंगे, निर्यात के अवसर बढ़ेंगे और न्यूनतम सुरक्षा व प्रदर्शन मानकों के साथ नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

|| श्री जीणमाता की जय ||
|| जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# फिल्म निर्माता की ऑस्कर ट्रॉफी गुम हुई, न्यूयॉर्क हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों ने हथियार समझा..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अकादमी पुरस्कार प्राप्त वृत्तचित्र 'मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन' के सह-निर्देशक एवं रूसी फिल्म निर्माता पावेल तालांकिन की ऑस्कर ट्रॉफी तब गुम हो गई जब न्यूयॉर्क हवाई अड्डे पर सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें इसके साथ उड़ान भरने से रोक दिया।***

इस साल के अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर वृत्तचित्र का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म 'मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन' में मुख्य भूमिका निभाने वाले तालांकिन ने बताया कि बुधवार को जॉन एफकेनेडी हवाई अड्डे पर एक अधिकारी ने उनसे कहा कि वह लगभग 3.8 किलोग्राम वजनी ट्राफी को विमान में अपने साथ नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि मार्च में ऑस्कर जीतने के बाद से वह बिना किसी घटना के एक दर्जन से अधिक बार ट्रॉफी के साथ हवाई यात्रा कर चुके हैं। लुफ्थांसा की उड़ान से बृहस्पतिवार सुबह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुचे तालांकिन ने कहा, 'यह बात पूरी तरह से समझ से परे है कि वे ऑस्कर (ट्रॉफी) को हथियार कैसे मानते हैं... (मैंने) इसे अपने साथ कैबिन में लेकर यात्रा की है, और कभी कोई समस्या नहीं हुई।'

उन्होंने कहा कि जांच बिंदु पर मौजूद लुफ्थांसा एयरलाइन के एक एजेंट ने उन्हें गेट तक ले जाने और उड़ान की पूरी अवधि के लिए ट्रॉफी को रखने की पेशकश की, लेकिन सुरक्षा अधिकारी ने इनकार कर दिया। तालांकिन ने कहा कि ऑस्कर ट्रॉफी को कॉकपिट में रखने के प्रस्ताव को भी हवाई अड्डे के सुरक्षा अधिकारियों और लुफ्थांसा के एक पर्यवेक्षक ने खारिज कर दिया। उन्होंने फिल्म के कार्यकारी निर्माता रॉबिन हेसमैन से संपर्क कर हवाई अड्डे के सुरक्षा अधिकारियों और एयरलाइन कर्मचारियों के साथ अपनी बातचीत के दौरान अनुवाद में मदद करने को कहा। कोई विकल्प न होने के कारण, तालांकिन को पुरस्कार को कार्गो के रूप में दर्ज करने के लिए कहा गया।

अपने सामान की पहले ही जांच करा चुके फिल्म निर्माता को एयरलाइन अधिकारियों द्वारा गत्ते का डिब्बा दिया गया, और फिर दो एजेंटों ने ऑस्कर ट्रॉफी को 'बबल रैप' में लपेटा तथा उसे परिवहन के लिए ले गए। इस पूरी प्रक्रिया को तालांकिन ने अपने फोन में रिकॉर्ड किया। हालांकि, जब फिल्म निर्माता फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो वह डिब्बा कहीं नहीं मिला। हेसमैन ने कहा, 'उन्होंने (तालांकिन) आज सुबह फ्रैंकफर्ट से मुझे फोन किया और बताया कि लुफ्थांसा के पास वह नहीं है।

उन्होंने उसे (ट्रॉफी) खो दिया है।' उन्होंने कहा कि डिब्बे का रसीद टैग होने के बावजूद, एयरलाइन उसे ढूंढ़ नहीं पाई। हॉलीवुड समाचार प्रतिष्ठान 'डेडलाइन' को दिए एक बयान में लुफ्थांसा ने कहा, 'हमें इस स्थिति पर गहरा खेद है।

हमारी टीम इस मामले को अत्यंत सावधानी और तत्परता से देख रही है, और हम ऑस्कर ट्रॉफी को जल्द से जल्द ढूंढ़कर वापस करने के लिए व्यापक आंतरिक खोज कर रहे हैं।' समाचार प्रतिष्ठान के अनुसार, ऑस्कर के जीवित विजेता, दुर्लभ मामलों में, जहां उनका पुरस्कार खो गया हो या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हो, अकादमी ऑफमोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) से संपर्क करके ट्रॉफी की दूसरी प्रति देने का अनुरोध कर सकते हैं। रूस में शिक्षक रहे तालांकिन यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी स्कूलों पर राष्ट्रवादी और सैन्यवादी पाठ्यक्रम थोपने के क्रेमलिन के आदेश का उल्लंघन करने के बाद निर्वासन में रह रहे हैं।

# पत्नी को गोली मारने के बाद शख्स ने खुद को भी मार ली गोली, पति की हुई मौत, बीवी की हालत गंभीर..



डेस्क जगप्रेरणा।

***भरतपुर जिले के रूपवास थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी को गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मार ली। घटना के बाद पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक महिला अपने पीहर आई हुई थी।***

यहां उसके चाचा की लड़की की लगन का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान व्यक्ति उसके घर आया और उसे कमरे में ले गया। इसके बाद कमरा अंदर से बंद करके उसे गोली मार दी और फिर खुद को भी गोली मार ली।

## पत्नी को मारी गोली..

रूपवास थाना अधिकारी विनोद मीणा ने बताया कि घटना सिंघावली गांव की है। राघवेंद्र (31) निवासी बरुअर जिला आगरा आज अपने ससुराल आया। उसने अपनी पत्नी राधिका (28) को एक कमरे में बुलाया। राघवेंद्र ने कमरा अंदर से बंद किया और सबसे पहले उसने देसी कट्टे से अपनी पत्नी राधिका को गोली मारी। उसके बाद उसने अपने सीने में गोली मारी ली। गोली की आवाज सुनते ही राधिका के परिजन कमरे की तरफगए। उन्होंने देखा कि कमरा अंदर से बंद था।

## कमरा बंद करके घटना को दिया अंजाम..

राधिका के परिजनों ने कमरे के गेट को तोड़ा और दोनों को बाहर निकाला। राघवेंद्र की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं राधिका को गंभीर हालत में रूपवास अस्पताल लेकर जाया गया। बताया जा रहा है कि राधिका और राघवेंद्र की शादी 4 साल पहले हुई थी। उनका 3 साल का एक बेटा वीर प्रताप है। हालांकि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। राधिका के परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## पत्नी के मायके में था लगन का कार्यक्रम..

पुलिस की पूछताछ में राधिका के परिजनों ने बताया कि राघवेंद्र करीब 12 बजे घर आया था। उसने आते ही राधिका को लगन के कार्यक्रम से बुलाया। राघवेंद्र राधिका को एक कमरे में ले गया और कमरे को अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज आई। राधिका के परिजन कमरे की तरफभागे। कमरे को खोलने की कोशिश की तो, कमरा अंदर से बंद था। राधिका के परिजनों ने कमरे को तोड़ा और दोनों को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

## मामले की जांच में जुटी पुलिस..

बता दें कि राघवेंद्र खेती-बाड़ी का काम करता है। दोनों के बीच क्या विवाद हुआ था, इसके बारे में राधिका के परिजनों को जानकारी नहीं है। पुलिस ने कमरे से हथियार को बरामद कर लिया है। राधिका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि राधिका एक दिन पहले ही घर आई थी। राधिका की चाचा की लड़की की लगन का कार्यक्रम था। लगन का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान राघवेंद्र घर आ गया और, उसने घटना को अंजाम दिया।

# साकेत पब्लिक स्कूल के सामने भिलाई रोड़ में पेयजल प्याऊ का शुभारंभ..



जगप्रेरणा लांजी।

***बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सेवा भारती महा कौशल प्रांत ने मानवसेवा की मिसाल कायम करते हुए शुक्रवार 1 मई 2026 को साकेत पब्लिक स्कूल के सामने भिलाई रोड़ लाजी में पेयजल प्याऊ का भव्य उद्घाटन किया। भिलाई (छत्तीसगढ़) के समाजसेवी महेंद्र भंडारकर के  हस्ते प्याऊ का शुभारंभ कर इसे गर्मी की तपिश से जूझते राहगीरों को समर्पित किया।***

उद्घाटन समारोह में जिला सह-प्रचार प्रमुख संतोष कुमार मोरघड़े ने बताया कि यह प्याऊ बुद्ध की करुणा की भावना को साकार करता है। इस दौरान राकेश रणदिवे, मोहन झा, अशोक आसटकर, ललित सहारे, डॉ. दुर्गेश तिडके, सुरेश पारधी, संजय कुमार आसटकर, निर्मला आसटकर, हसीना, दुर्गा झा व सुनिता मोरघड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भंडारकर ने कहा, 'सेवा ही हमारा धर्म है, यह प्याऊ क्षेत्रवासियों के लिए वरदान साबित होगा।' क्षेत्रीय लोगों ने इस पहल की सराहना की। सेवा भारती ने अपील की कि सभी इस तरह के सामाजिक कार्यों में योगदान दें। गर्मी के मौसम में यह प्याऊ सैकड़ों लोगों को शीतल पेय प्रदान करेगा।

# कंसुली गांव में अंबेडकर-फुले प्रतिमा खंडित, कार्यवाही की मांग तेज..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले के लांजी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंसुली में 23 अप्रैल 2026 को हुई एक निंदनीय घटना ने क्षेत्र के सौहार्दपूर्ण माहौल को झकझोर दिया। अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा संविधान***

निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर एवं समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमाओं को खंडित किए जाने की घटना सामने आई है, जिसके बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय सामने आई जब ग्रामीणों ने सुबह प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे समाज में वैमनस्य फैलाने की साजिश बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा गया है कि जिले में पिछले कुछ समय से इस प्रकार की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जो आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के लिए खतरा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कंसुली गांव में हुई यह घटना न केवल महापुरुषों का अपमान है, बल्कि संविधान और सामाजिक मूल्यों पर भी सीधा आघात है।

सेवादल ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की भी मांग की गई है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, वहीं जनप्रतिनिधियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

गौरतलब है कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में तनाव उत्पन्न कर सकती हैं, ऐसे में प्रशासन और समाज के सभी वर्गों की जिम्मेदारी है कि वे मिलकर सौहार्द बनाए रखें और असामाजिक तत्वों के मंसूबों को विफल करें।भरवेली के सर्वसमाज संगठन के सदस्यों ने भी संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौपा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है।

# पुल का एक हिस्सा ढहने से तीन-चार मजदूरों के मलबे में फंसे होने की आशंका..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***जम्मू शहर के बाहरी क्षेत्र बंतलाब में शुक्रवार को एक छोटे पुल का एक हिस्सा ढहने से तीन-चार मजदूर मलबे के नीचे दब गए जबकि एक घायल मजदूर को बाहर निकाल लिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।***

पुल का हिस्सा गिरने के बाद अधिकारियों ने सड़क संपर्क बंद कर दिया। सूत्रों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब मजदूर पुल के पास एक दीवार की मरम्मत का काम कर रहे थे। यह दीवार पिछले साल आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गई थी।

उन्होंने कहा कि पुल का एक हिस्सा अचानक टूट गया, जिससे मौके पर काम कर रहे मजदूर मलबे के नीचे दब गए। पुलिस, सेना और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने मलबे के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया। सूत्रों ने बताया कि बचावकर्मियों ने एक घायल मजदूर को बाहर निकाल लिया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। घटनास्थल पर मौजूद मजदूरों के परिजनों ने बताया कि वहां काम कर रहे लगभग छह मजदूर ढांचा गिरने से मलबे के नीचे दब गए। उन्होंने कहा कि दो मजदूर बच निकलने में सफल रहे लेकिन चार श्रमिक फंस गए।

सूत्रों के मुताबिक, फंसे लोगों में एक महिला मजदूर का पति, एक राजमिस्त्री, एक अविवाहित मजदूर और ठेकेदार का एक रिश्तेदार शामिल है। खबर लिखे जाने तक मलबे के नीचे फंसे लोगों की सही संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। बचाव अभियान जारी है।

# आरोह खेल प्रशिक्षण में कबड्डी, वालीबॉल व एथलेटिक्स खेल प्रतिभाओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण..

## विधिवत शुभारंभ कर बताया खेलो का महत्व..





जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री के निर्देशन में, जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के नेतृत्व में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का आयोजन 1 मई से प्रारंभ हो गया है।***

इस वर्ष शिविर को नवीन स्वरूप प्रदान करते हुए इसे खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ फिटनेस, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता का समग्र मंच बनाया गया है। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि विकसित करना, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान एवं प्रोफाइलिंग करना,

नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा समाज में फिटनेस एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। साथ ही महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। शिविर का शुभारंभ 1 मई को शाम 6 बजे मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता संतोष मोरघड़े, गौरव बैस एवं नवीन रामटेक्कर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया, जिसके पश्चात शहीद भगत सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। ब्लॉक समन्वयक (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) प्रज्ञान वासनिक के अनुसार जिले के प्रत्येक विकासखंड में न्यूनतम दो खेलों का चयन कर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। विकासखंड लांजी में कबड्डी, वॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स खेलों का चयन किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर न्यूनतम 30 दिनों तक संचालित होगा, जिसमें खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित कर खेल अकादमियों हेतु आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। विभाग ने नगर के सभी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर अपने खेल कौशल को निखारने की अपील की है।

# बाल संस्कार शिविर से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास..



जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम मोहझरी स्थित नर्मदेश्वर धाम परिसर में वंदनीय राष्ट्रसंत श्री तुकडोजी महाराज की जयंती के अवसर पर 'श्री गुरुदेव बाल संस्कार एवं संगीत कला प्रशिक्षण शिविर' का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया।***

यह 20 दिवसीय शिविर 1 मई से 20 मई 2026 तक संचालित होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं संस्कार निर्माण है। शिविर के प्रथम दिवस प्रभात फेरी ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए देवी चौक, विठल-रुख्मणी मंदिर और हनुमान मंदिर से गुजरकर प्रशिक्षण केंद्र पहुंची। इसके पश्चात राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की प्रतिमा पर पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सेवाधिकारी श्री गुलाब चंद खोबरागड़े द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत नामदेव ठाकरे (प्रशिक्षक) एवं अर्जुन दिगंबर (तबला वादक) द्वारा मधुर संगीत एवं रामधुन के साथ की गई। इस अवसर पर अनंतराम नाकतोडे, शिवराम ठेगरी,

रूपेश भगत, गंगाधर नकाते, मनीराम पारधी, जमादार रावते, देवलाल मिसार, दुखितराम भगत, योगेश जोशी, फेकन शाह, युगल किशोर नाकतोडे, श्रीमती ज्योति हाथिमारे, अशोक हाथिमारे, श्रीमती बागडे (कीर्तनकार) एवं ध्रुवराज उरकुडे सहित अनेक लोगों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# देश का हर युवा मातृ भूमि की सेवा में आगे आए..

## से नि हवलदार कमलेश बसेना के गृह ग्राम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत..



जगप्रेरणा लांजी।

***भारतीय सेना से 16 वर्ष की शानदार सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हवलदार कमलेश बसेना का लांजी नगर में भव्य स्वागत किया गया। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन लांजी-किरनापुर के तत्वावधान में शुक्रवार को सुभाष चंद्र बोस चौक पर उनका जोरदार स्वागत कर नगर भ्रमण भी कराया गया।***

हवलदार कमलेश बसेना आर्टिलरी रेजिमेंट से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने 30 अप्रैल 2026 को आर्टिलरी रेजिमेंट सेंटर, नासिक से अपनी सेवा समाप्त की। उनके साथ उनकी पत्नी श्रीमती कल्पना बसेना, माता श्रीमती रामकली बाई बसेना तथा पिता महारुलाल बसेना अमेंडा-बहेला निवासी उपस्थित थे।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान हवलदार कमलेश बसेना ने अपने 16 वर्षों के सैन्य जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा, 'भारतीय सेना में नौकरी करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात थी। यह मौका हर किसी को नहीं मिलता। मातृभूमि और देश की रक्षा में भारतीय सेना का हिस्सा बनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा।

मैं चाहता हूँ कि देश का हर युवा मातृभूमि की सेवा में आगे आए। उन्होंने स्वागत समारोह के आयोजन के लिए पूर्व सैनिक कल्याण संगठन लांजी-किरनापुर तथा समस्त नगरवासियों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सैनिक कल्याण संगठन लांजी के तहसील अध्यक्ष पवन कुमार सोनवाने, उपाध्यक्ष हुलासराम सिरामें, सचिव रूप कुमार बिसेन, कोषाध्यक्ष प्रीतम चालक, पर्यावरण प्रभारी निरंजन देवगड़े, समाज कल्याण प्रभारी श्रीराम नगपुरे, मीडिया प्रभारी आरीफखान, पूर्व सैनिक गोविंद घोंघड़े सहित अन्य पूर्व सैनिक, वर्तमान सैनिक, वीर नारियाँ, सैनिक परिवार के सदस्य तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591


# आखिरकार उस खतरनाक पुल का नवनिर्माण होगा बाघ नदी पर डायवर्सन पुल के निर्माण शुरू

### आमगांव-सालेकसा पुल के लिए आखिरकार 25 करोड़ रू. हुए थे मंजूर..

### विधायक पुराम के प्रयास को मिली सफलता नागरिक ने किया व्यक्त आभार..



**जगप्रेरणा आमगाव:**

***आमगांव-सालेकसा मार्ग पर वाघ नदी पर नया पुल बनाने के लिए सरकार ने 25 करोड़ रु. की निधि मंजूर की थी यह पुल जर्जर हो जाने से यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ था।***

विधायक संजय पुराम के निर्देश पर सार्वजनिक लोकनिर्माण विभाग ने नए पुल के निर्माण के लिए 25 करोड़ रु. की मांग का पत्र सरकार को दिया था. महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र में इस विषय को उठाया गया था. इस कारण निधि मंजूरी की और सभी की नजरें लगीं थी. राज्य सरकार के बजट सत्र में पुल निर्माण के लिए निधि मंजूरी नहीं हुई थी. इस कारण पुल निर्माण को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई थी. विधायक पुराम ने इस पुल के निर्माण कार्य को मंजूरी तथा निधि उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की, जिसके बाद केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से सीआरआईएफ ने महाराष्ट्र में 130 कामों के लिए कुल 1994 करोड़ रु. की निधि को

### आमगांव - सालेकसा मार्ग पर बना वाघ नदी का जर्जर पुल सच को बयां करता..

मंजूरी प्रदान की थी विधायक पुराम के प्रयास के बाद आखिरकार सालेकसा-आमगांव मार्ग के पुल के निर्माण के लिए 25 करोड़ रु. की निधि को मंजूरी प्रदान की गई थी जिसकी ई टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है पुल निर्माण कार्य की शुरुआत का सुरू होने की दिशा मे काम सुरू हो चुका है बाघ नदी के नये पुल के निर्माण हेतु डायवर्सन पुल बनाने का काम सुरु हो चुका है जिससे बाघ नदी के 50 साल पुर्व बने उस खतरनाक पुल का नवनिर्माण कब होगा इस हेतु नागरिक का इंतजार जल्द ही खत्म हो जायेगा एवं 25 करोड निधी स्वीकृती के बाद भी पुल का प्रत्यक्ष निर्माण कार्य पिछले एक साल प्रलंबित था एंव नागरिक बारबार सवाल उठा रहे थे की प्रत्यक्ष पुल का नवनिर्माण कब होगा उन सवालो पर अब पुर्णविराम लग जायेगा।

सालेकसा-आमगांव महत्वपूर्ण मार्ग है, इस मार्ग पर करीब 50 वर्ष पूर्व बना पुल जर्जर हो चुका है. इस पुल से लगातार भारी वाहनों का आवागमन जारी रहता है. जिससे पुल के कभी भी ढह जाने और बड़ी जनहानि की आशंका थी. विधायक पुराम ने दिसंबर माह में पुल का जायजा लिया था. नए पुल के निर्माण के लिए 25 करोड़ रु. का प्रस्ताव तैयार करके सरकार को भेजने का आदेश दिया गया था. वीएनआईटी कंपनी ने 2016 में आमगांव-सालेकसा-स्टेट हाईवे 335 पर पुल संख्या 238-205 का संरचनात्मक ऑडिट किया था। संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट में पुल को यातायात की दृष्टि से डेंजर्स पाया गया था. इस कारण पुल को तत्काल बंद कर भारी वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। भारी वाहनों के आवागमन 50 वर्ष पुराना है पुल, बड़े को तत्काल रोकने के लिए संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई के आदेश दिए गए थे. लेकिन उसके बाद भी भारी वाहनों का आवागमन यहां जारी था. जिससे पुल पर लगातार कंपन हो रहा था इस पुल का तुरंत निर्माण कार्य सुरू होना आवश्यक था बाघ नदी पर डायवर्सन पुल का निर्माण कार्य सुरू होने के बाद यह निश्चित हो गया की नवनिर्माण पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।



### बोले विधायक संजय पुराम..

'50 वर्ष पुराना है पुल, बड़े वाहनों के आवागमन से बना हुआ था बाघ नदी पर बना यह पुल अत्यंत महत्वपूर्ण है यह पुल दो तहसीलों के साथ दो राज्यों एवं जिला मुख्यालय को जोड़ता है। पुल के निर्माण के लिए लगातार प्रयास जारी थे. जिसे सफलता मिल गई थी ई टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्यक्ष पुल का निर्माण कार्य शुरु हो रहा जिसका मुझे समाधान है विधानसभा क्षेत्र के सभी विकासकार्य हेतु मै सतत प्रयत्नशील हु'।



### बोली छाया नागपुरे..

'अत्यंत खतरनाक आमगाव-सालेकसा मार्ग पर 50 साल पुर्व जर्जर पुल हेतु स्थानिक जनप्रतिनिधी के सतत पाठपुरावा के बाद निधी उपलब्ध हुआ एवं प्रत्यक्ष पुल निर्माण सुरू होने की दिशा मे काम सुरू हुआ है इस बात के लिये समाधान व्यक्त करते हुये जल्द से जल्द इस पुल का निर्माण कार्य पुर्ण हो अपेक्षित है'

# देवरी में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करें..

### इस मांग को लेकर यहां की जागरूक महिलाओं ने पुलिस विभाग को एक ज्ञापन दिया..

### पुलिस उपाधीक्षक ने महिला प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि आरोपी को तीन दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा..



**जगप्रेरणा देवरी।**

***देवरी में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोपी काशीनाथ शहारे के खिलाफमामला दर्ज किया गया है और उसे अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है,***

इस पर देवरी की जागरूक महिलाओं ने पहल की और देवरी पुलिस स्टेशन पहुंचकर देवरी के पुलिस उपाधीक्षक विवेक पाटिल से चर्चा की और पूछा कि इतने बड़े अपराध के लिए आरोपी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। अगर किसी आम आदमी पर आरोप लगता है, तो हम तुरंत मामला दर्ज करते हैं और उसके खिलाफ कार्रवाई करते हैं। इस संबंध मे उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और गुरुवार (30 अप्रैल) को एक ज्ञापन दिया। उस समय पुलिस उपाधीक्षक विवेक पाटिल ने कहा कि पुलिस विभाग के माध्यम से पूरी जांच चल रही है।

आरोपी के मोबाइल फोन बंद हैं। उनके ट्रक की लोकेशन ट्रैक की जा रही है। जैसे ही हमें कुछ जानकारी मिलेगी, उन्होने महिला प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि हम तीन दिन के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लेंगे। देवरी की महिला प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक को चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन के अंदर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो पूरे तालुका की महिला और सामाजिक संगठन पुलिस स्टेशन तक एक बड़ा मार्च निकालेंगे।

इस समय उन्होंने एक बयान में कहा की,इस घटना को लेकर पूरे समाज को चुनौती दी गई कि अगर आज एक गरीब परिवार की लड़की के साथ हॉस्टल के नाम पर गलत व्यवहार और शारीरिक शोषण किया जा रहा है, तो भविष्य में ऐसे नराधम से कुछ भी हो सकता है, इसलिए सभी को अपनी आवाज उठानी चाहिए ताकि आरोपी को कानून के दायरे में तुरंत गिरफ्तार किया जा सके।

इस संबंध मे ज्ञापन देते हुवे, जीजा सिलारे, शिल्पा बांते, नूतन सयाम, कु. सुषमा अमृत पंधरे और एड. विमल एस. बारसे, मंदा ठवरे, हेमलता कुंभरे, शिला मारगाये अनवंता आचले ने दिया। बरसे, मंदा ठावरे, हेमलता कुंभारे, शिला मार्गे, अनवंता आचले इनके समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

# गोंदिया जिला स्थापना दिवस पर स्व. महादेवराव शिवणकर को महाराष्ट्र शासन ने किया कृतज्ञता पूर्वक सम्मान..





**जगप्रेरणा आमगांव।**

***गोंदिया जिला स्थापना दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र शासन की ओर से जिले के शिल्पकार, दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता एवं पूर्व मंत्री स्व. महादेवराव सुखाजी शिवणकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।***


उनके उल्लेखनीय कार्यों का स्मरण करते हुए शासन द्वारा उनका कृतज्ञतापूर्वक गौरव किया गया। इस अवसर पर उनके निवास स्थान पर जाकर स्व. शिवणकर के सुपुत्र एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष विजय महादेवराव शिवणकर का शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। स्व. महादेवराव शिवणकर ने सिंचाई, वित्त तथा विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से गोंदिया जिले के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका संपूर्ण जीवन जनसेवा, विकास और समाजहित के लिए समर्पित रहा, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम में विधायक संजय पुराम, शासन की ओर से उपविभागीय अधिकारी श्रीमती कविता गायकवाड तथा आमगांव के तहसीलदार नवनाथ कातकड़े की प्रमुख उपस्थिति रही। इसके अलावा एड. यसूलाल उपराडे, नरेंद्र बाजपेयी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित सभी मान्यवरों ने स्व. महादेवराव शिवणकर के कार्यों का गौरव करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिले के विकास में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें शत-शत नमन किया गया। साथ ही, महाराष्ट्र शासन द्वारा किए गए। इस सम्मान एवं स्मरण के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# चार चिरौंजी बीजों से ग्रामीणों को मिल रहा कमाई का सहारा





**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***प्रकृति का अनमोल उपहार मानी जाने वाली चिरौंजी इस समय ग्रामीणों के लिए आमदनी का अच्छा साधन बन रही है।***

इस वर्ष चिरौंजी की अत्यधिक पैदावार होने से गांव-गांव में लोगों के चेहरे खिल उठे हैं। जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों में मिलने वाले चिरौंजी बीजों की मांग बाजार में लगातार बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को अच्छी आय प्राप्त हो रही है। इसकी पैदावार मार्च अप्रैल महीना में होती है।

जानकारी के अनुसार चिरौंजी के बीज वर्तमान में करीब 250 से 300 रू. प्रति किलो के भाव से बिक रहे हैं, वहीं चिरौंजी गिरी (दाना) 2000 से 2500 प्रति रू. किलो तक बाजार में मिल रही है। ऐसे में ग्रामीण परिवार जंगलों से चिरौंजी एकत्रित कर उसे बेचकर अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष भरपूर फसल होने से उन्हें अतिरिक्त आय का अवसर मिला है। कई परिवारों के लिए यह मौसम आर्थिक राहत लेकर आया है। चिरौंजी संग्रहण से महिलाओं और युवाओं को भी रोजगार जैसा सहारा मिल रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से मिलने वाली यह आमदनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम कर रही है। यदि शासन स्तर पर चिरौंजी प्रसंस्करण, संग्रहण और विपणन की व्यवस्था की जाए तो है वाले समय में ग्रामीणों को आमदनी का सहारा मिल सकेगा।

### बोले मनोजभाऊ विश्वकर्मा..

शासन व वन विभाग चार चिरौंजी के पेड़ों को अधिक से अधिक लगाएं जिससे आने वाले समय में पर्यावरण व इससे पेड़ों में लगने वाली चार की फसल से उत्पादन अधिक होगा जिससे ग्रामीणों को एक आमदनी का सहारा मिल सकता है तथा आर्थिक दृष्टि से थोड़े मजबूत हो सकते हैं।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433


# के. पी. असाटी पब्लिक स्कूल में महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस संपन्न..



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***के.पी. असाटी पब्लिक स्कूल, तिरोड़ा में महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस बड़े ही उत्साह, उमंग और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य सुरेश उपाध्याय***

द्वारा दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ हुई, जिससे पूरे परिसर में देशभक्ति और सम्मान का वातावरण व्याप्त हो गया। इस अवसर पर अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में प्राचार्य सुरेश उपाध्याय ने महाराष्ट्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1 मई 1960 को महाराष्ट्र राज्य का गठन हुआ था।

उन्होंने कहा कि यह दिन केवल राज्य की स्थापना का प्रतीक नहीं, बल्कि यहां की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और मेहनतकश श्रमिकों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का भी दिन है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई, जिससे आयोजन की शोभा और बढ़ गई।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप असाटी एवं संचालक संस्कार असाटी ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को महाराष्ट्र दिवस और कामगार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति की भावना और प्रगाढ़ हो गई।

# महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस शहीद मिश्रा विद्यालय में मनाया गया



**जगप्रेरणा तिरोडा।**

आज महाराष्ट्र दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय कामगार दिवस के अवसर पर शहीद मिश्रा विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय, तिरोडा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। शंकर शिक्षण संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद्र झरारिया तथा उपाध्यक्ष संजीव कोलते और सचिव उमाकांत हारोडे ने महाराष्ट्र दिन और जागतिक कामगार दिन की विद्यार्थीयो को बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। कार्यक्रम के अध्यक्ष शहीद मिश्रा विद्यालय के मुख्याध्यापक निकेशकुमार मिश्रा द्वारा ध्वज फहराया गया और सभी ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इसके बाद महाराष्ट्र राज्य के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला गया तथा राज्य के विकास में विभिन्न क्षेत्रों के योगदान को उन्होने अपने भाषण मे याद किया और कामगार दिवस के अवसर पर श्रमिकों के महत्व पर विशेष भाषण दिया। कार्यक्रम मे प्रमुख अतिथी के रूप मे उपस्थित शहीद मिश्रा विद्यालय के पर्यवेक्षक टीकाराम पटले ने ने बताया कि मजदूर समाज की रीढ़ होते हैं और उनके परिश्रम से ही देश की प्रगति संभव है।

कार्यक्रम में विद्यालय के नाम पर स्थापित शहीद के बलिदान को भी याद किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। विद्यालय के दुसरे पर्यवेक्षक पुरुषोत्तम जी बोकडे इन्होने सभी को एकता, परिश्रम एवं देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रायमरी विभाग की मुख्याध्यापिका मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक दिलीप झरारिया, मानकर, तारेंद्र रहांगडाले, नरेंद्र मौजे, एनसीसी ऑफिसर महेश बोरकर, लोकेश चौरावार, गौरव जयस्वाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन शिक्षिका ज्योती पुरी द्वारा किया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति और उत्साह के वातावरण से गूंज उठा।

# तिरोडा रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट एवं कोच पोजीशन डिस्प्ले की मांग..



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

तिरोड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हो रही असुविधाओं को लेकर अब स्थानीय नागरिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। समस्त तिरोड़ा नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। नागरिकों का कहना है कि तिरोड़ा रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे यात्रियों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से प्लेटफॉर्म पर आने-जाने के लिए लिफ्ट की व्यवस्था न होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों को काफी कठिनाई होती है। इसके अलावा स्टेशन पर कोच पोजीशन डिस्प्ले बोर्ड न होने से यात्रियों को ट्रेन आने पर अपने कोच तक पहुंचने में भाग-दौड़ करनी पड़ती है। इससे कई बार यात्री असमंजस की स्थिति में आ जाते हैं और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि तिरोड़ा स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं, ऐसे में इन सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों ने रेलवे मंत्रालय एवं संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। इस संबंध में नागरिकों द्वारा एक लिखित आवेदन भी संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया है। इस आवेदन में प्रमुख रूप से शशांक केशरवानी, अमोल शाहरे, सिधू केशरवानी, रोहित अग्रवाल एवं सामिन कुरैशी सहित अन्य नागरिकों ने हस्ताक्षर कर लिफ्ट एवं कोच पोजीशन डिस्प्ले बोर्ड की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर करने का आग्रह किया है। नागरिकों की मांग है कि रेलवे प्रशासन शीघ्र ही इस ओर ध्यान दे, ताकि यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

# एस.डी.बी. विद्यालय में मनाया गया महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

आज एस.डी.बी. विद्यालय में महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या जयश्री टेमरे ने ध्वजारोहण किया।प्राचार्या महोदया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बताया कि इन दिनों को क्यों मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए श्रमिकों के योगदान का सम्मान करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यक्ष देवलन आई बोपचे, सचिव अनुप बोपचे, कोषाध्यक्ष डॉ. संगीता बोपचे, उपाध्यक्ष प्रिया रहांगडाले तथा व्यवस्थापक अनिता बधेले सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया

मो. 9922607145

जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्पलेक्स

एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास

2. अरूट विनायक अपार्टमेन्ट

2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..

संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### महाराष्ट्र के 67 वे स्थापना दिवस पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित

## मुख्य समारोह में वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकारे ने किया ध्वजारोहण, ली परेड की सलामी..

### चिलचिलाती धुप में भी समारोहपूर्वक संपन्न हुआ महाराष्ट्र राज्य का स्थापना दिवस समारोह..

### राज्य एवं जिले के विकास हेतु मंत्री सावकारे ने जताई प्रतिबद्धता..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***महाराष्ट्र राज्य का 67 वां स्थापना दिवस समारोह आज 1 मई को सुबह 8 बजे पुलिस मुख्यालय मैदान, कारंजा में भव्य समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री सावकारे ने सर्वप्रथम पुलिस बैंड पर आयोजित जन गण मन की धुन के साथ ही ध्वजारोहण***

किया, तो वहीं इसके उपरांत परेड का निरीक्षण करने के उपरांत परेड को प्रदर्शन की अनुमति प्रदान की। परेड की सलामी लेने के उपरांत मंत्री श्री सावकारे ने पुलिस एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों को सम्मानित किया, वहीं नक्सलवाद से मुख्यधारा में लौटे पूर्व नक्सलियों के सामान्य जीवन में लौटने का स्वागत करते हुए उन्हें क्षेत्र और भारत की प्रगति में अपना योगदान देने का आहवान भी किया। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले, जिला परिषद के ष्टश्वह्र एम. मुरुगानंथम, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे सहित कई अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

### गोंदिया जिला महाराष्ट्र के विकास का प्रवेश द्वार - संजय सावकारे

राज्य के स्थापना दिवस पर समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकारे ने कहा कि गोंदिया जिला महाराष्ट्र के विकास का प्रवेश द्वार है। यहां प्रचुर मात्रा में वन संपदा उपलब्ध है और पर्यटन विकास की काफी संभावनाएं हैं। मंत्री सावकारे ने महाराष्ट्र निर्माण के लिए बलिदान देने वाले देशभक्तों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र संतों, वीरों और समाज सुधारकों की भूमि है, इसलिए यह देश में प्रगतिशील राज्य के रूप में जाना जाता है। उन्होंने नागरिकों से विकसित महाराष्ट्र बनाने में सहयोग करने की अपील की और कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में राज्य आर्थिक रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकारे ने आगे कहा कि गोंदिया में 'छत्रपति शिवाजी महाराज स्वराज्य अभियान' के तहत संपूर्ण जिले में अनेक शिविर आयोजित किए गए, जिसमें हजारों लोगों को सरकारी लाभ दिए गए। गतिमान प्रशासन योजना के तहत 25 नए तलाठी कार्यालय बनाए जाएंगे। 2027 की जनगणना के लिए लोगों से सहयोग करने की अपील की।

### संस्कृति, विरासत संरक्षण सहित अनेक विषयों पर कही बात..

वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकारे ने अपने संबोधन में आगे 'ज्ञानभारतम' नामक नई योजना के तहत 75 साल पुराने हस्तलिखित दस्तावेजों को संरक्षित करने की बात कही, और कहा कि इसके लिए ग्राम स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार उन्होंने गोंदिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के बेहतर कार्य के लिये कवलेवाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और देवरी ग्रामीण अस्पताल को राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलने के साथ ही क्षयरोग नियंत्रण में भी जिले को 'महा आरोग्य सम्मान 2026' मिलने की बधाई देते हुए स्वास्थ्य अमले को बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार नागपुर से गोंदिया तक समृद्धि महामार्ग का विस्तार किये जाने, गोंदिया-बल्लारशाह और गोंदिया-जबलपुर रेलवे लाइन का डबल लाईन विस्तार किये जाने, 122 किमी लंबी 27 सड़कें मंजूर, जिनमें से 15 पूरी हो चुकी हैं वहीं 1.75 लाख किसानों से 33.67 लाख क्विंटल धान खरीदे जाने, किसानों को 786.89 करोड़ रुपये का भुगतान के साथ ही नमो शेतकरी महासम्मान निधि के तहत किसानों को आर्थिक सहायता दिये जाने की योजना का जिक्र किया। वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकारे ने यह भी कहा कि गोंदिया को 'तालाबों का जिला' कहा जाता है, जहां मछली पालन से अच्छी आय हो रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 8271 मछुआरों का पंजीकरण हुआ है। जिले में पुलिस की प्रभावी कार्रवाई से 16 नक्सलवादियों ने आत्मसमर्पण किये जाने के संदर्भ में भी श्री सावकारे ने गोंदिया जिला पुलिस को बधाई दी, तथा कहा कि सरकार पूर्व नक्सलियों को पुनर्वास योजनाओं का लाभ दे रही है। श्री सावकारे ने 28 अप्रैल को 'लोकसेवा अधिकार दिवस मनाने का निर्णय लिये जाने की जानकारी भी अपने संबोधन में दी।

## विधायक विनोद अग्रवाल के हाथों किया गया प्रशासकिय इमारत में ध्वजारोहण



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***महाराष्ट्र राज्य के 67 वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां नई प्रशासनिक इमारत के प्रांगण में गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल के हाथों ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् गीत से हुई। .***

इसके बाद पुलिस बैंड दल ने राष्ट्रगान और राज्यगीत प्रस्तुत कर सम्मान दिया। इसके पश्चात विधायक विनोद अग्रवाल ने सभी उपस्थित लोगों को महाराष्ट्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत, तहसीलदार समशेर पठान, अपर तहसीलदार श्रीकांत कांबले, नायब तहसीलदार प्रकाश तिवारी, जयंत सोनेवाने, श्री वरखड़े, नितीन चवरे, संजीवनी बारसागड़े, आपूर्ति निरीक्षक सचिन काले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने किया महाराष्ट्र दिवस पर ध्वजारोहण



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***महाराष्ट्र राज्य के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले के हस्ते ध्वजारोहण किया गया।***

कार्यक्रम की शुरुआत ऐतिहासिक गीत 'वंदे मातरम्' से हुई। इसके बाद पुलिस बैंड दल ने राष्ट्रगान और राज्यगीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी श्री गोंदावले ने उपस्थित सभी लोगों को महाराष्ट्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर निवासी उप जिलाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे, उप जिलाधिकारी (सामान्य) मानसी पाटील, जिला आपूर्ति अधिकारी प्रकाश पाटील, जिला सूचना अधिकारी अंजु कांबळे निमसरकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## श्री महावीर मारवाड़ी बालक मंदिर नटखट स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी उत्साहपूर्वक संपन्न




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

श्री महावीर मारवाड़ी बालक मंदिर नटखट स्कूल का वार्षिक ग्रेजुएशन समारोह बुधवार, 29 अप्रैल 2026 को स्कूल के सभागार में बड़े उत्साह और अनुशासित वातावरण में आयोजित किया गया। नन्हे विद्यार्थियों के स्कूली जीवन से आगे की कक्षा में प्रवेश के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में इस समारोह की शुरुआत मान्यवरों के हाथों दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन से हुई।

इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष श्री सिताराम अग्रवाल, सचिव श्री प्रकाशचंद कोठारी, सह सचिव श्रीनिवास मुंडड़ा तथा स्कूल के विभिन्न विभागों के प्राचार्य अजय श्यामका, अभिषेक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, श्रीमती भारती रहांगडाले और श्रीमती अर्चना अग्रवाल मंचासीन रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ग्रेजुएशन परिधान पहने नन्हे विद्यार्थियों का मंच पर आकर अतिथियों के हाथों प्रमाणपत्र प्राप्त करना रहा। संस्थाध्यक्ष ने बच्चों की सराहना की और अभिभावकों को उनके समुचित पालन- पोषण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उन्हें अच्छे संस्कार देना समय की आवश्यकता है। सचिव श्री कोठारी ने अपने भाषण में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का सहयोग भी आवश्यक है। जैसे पक्षी तिनका-तिनका जोड़कर घोंसला बनाते हैं, उसी प्रकार यदि हम सब मिलकर प्रयास करें तो बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। नटखट और प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नटखट विभाग की शिक्षिकाएं कुमारी फेमिना शेख, कुमारी शिखा पुरोहित और श्रीमती ईश्वरी बिसेन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष परिश्रम किया। प्राथमिक स्कूल मुख्य अध्यापिका श्रीमती अर्चना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को उनके आगे के शैक्षिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षकों के परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विजयलक्ष्मी गर्ग और कुमारी ज्योति गुप्ता ने किया, तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती ईश्वरी बिसेन ने किया। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी इस समारोह के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### गोंदिया जिलाधिकारी कार्यालय में समारोहपूर्वक दी गई

## पूर्व जिलाधिकारी प्रजित नायर को भावभीनी विदाई, नवागत जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले का किया गया सम्मान..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***शासन में प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले होते रहते हैं, लेकिन कुछ अधिकारी अपने काम से अलग पहचान बना जाते हैं। गोंदिया जिले में जिलाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए ऐसी ही पहचान पूर्व जिलाधिकारी प्रजीत नायर ने बनाई। पूर्व जिलाधिकारी***

एवं वर्तमान में पुणे महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त प्रजित नायर के गोंदिया से स्थानांतरण के उपरांत गोंदिया जिलाधिकारी कार्यालय में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई, तो वहीं नवागत जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले का स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, भारतीय वन सेवा अधिकारी प्रितमसिंग कोडापे सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में जिलाधिकारी डॉ. गोंदावले ने अपने सरकारी वाहन चालक के प्रति भी उदारता दिखाई और मानवीय भाव प्रकट किया।

### कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां

गौरतलब है कि 5 अप्रैल 2024 को गोंदिया में जिलाधिकारी के रूप में श्री नायर ने पदभार ग्रहण किया था। अपने कार्यकाल में उन्होंने जंगल और राजस्व से जुड़े पुराने लंबित मामलों का समाधान किया। लोकसभा, विधानसभा और नगर पालिका चुनाव सफलतापूर्वक और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए। नए तलाठी कार्यालयों की स्थापना के साथ ही तृतीयपंथियों के लिए विशेष कॉलोनी की पहल भी की।

### बोले प्रजीत नायर..

इस अवसर पर पूर्व जिलाधिकारी श्री नायर ने कहा कि किसी एक जिलाधिकारी के कार्यकाल में सभी कार्य पूरे नहीं होते, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया होती है। मैंपे हमेशा सकारात्मक सोच के साथ काम करते हुए जितना संभव हो सके, उतना अच्छा कार्य करने का प्रयास किया।

### बोले डॉ. मंगेश गोंदावले

नवागत जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने कहा कि गोंदिया में काम करने का यह उनका पहला अनुभव है और उन्हें उम्मीद है कि अधिकारियों से वही सहयोग मिलेगा जैसा पहले मिला।

### अधिकारियों ने की सराहना

कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रजित नायर के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें भावुक विदाई दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम ने कहा कि नायर के साथ काम करते हुए बहुत कुछ सीखने को मिला और सकारात्मक तरीके से प्रशासन चलाने की प्रेरणा मिली।

**पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे ने बताया कि वे नायर के बैचमेट रहे हैं, जिससे प्रशासनिक समन्वय बेहतर रहा। कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार समशेर पठान ने किया तथा आभार प्रदर्शन अपर तहसीलदार श्रीकांत कांबले ने किया।**

## मोटर सायकिल में गांजा लेकर जा रहे दो आरोपियों को गोंदिया शहर पुलिस ने किया गिरफ्तार..

### 2 किलो 200 ग्राम गांजा एवं मोटर सायकिल भी की जब्त..

### तीसरे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया जिले के पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के दिशा निर्देश पर जिले में अवैध कारोबारियों और नशा तस्करों के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में गोंदिश शहर पुलिस निरीक्षक किशोर परवते के नेतृत्व में पुलिस दल अवैध गतिविधियों के खिलाफ पेट्रोलिंग कर***

रहा था। इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने गांजा ले जाते दो युवकों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर पुलिस को सूत्रों से जानकारी मिली की एक काले रंग की मोपेड से दो व्यक्ति अवैध गांजा लेकर भीमनगर मार्ग से मढ़ी चौक की ओर आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी की। कुछ समय बाद बताए गए विवरण के अनुसार दो संदिग्ध व्यक्ति मोपेड पर आते हुए दिखाई दिए तो उन्हें रोककर पूछताछ की गई। दोनों युवकों ने अपना नाम प्रेमलाल सुरजलाल वर्मा उम्र 44 वर्ष, निवासी राजेंद्र वार्ड, माताटोली, गोंदिया तथा अभिषेक विनोदसिंह चंदेल उम्र 23 वर्ष, निवासी श्रीनगर, बाजपेयी वार्ड, गोंदिया बताया। तलाशी के दौरान उनके वाहन में एक नीले रंग की प्लास्टिक थैली मिली, जिसमें हरे रंग का गांजा पाया गया।

पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह गांजा उन्होंने रूपेश सहारे (निवासी गणेशनगर, गोंदिया) से लिया था। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों से जब्ती और कार्रवाई करते हुए 2 किलो 200 ग्राम गांजा अनुमानित कीमत 44,000 रुपये तथा वाहन (टीवीएस जुपिटर मोपेड): मूल्य 40,000 रुपये इस प्रकार कुल 84,000 रुपये सामग्री की जब्ती बनाई, तथा अब पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद तीसरे आरोपी रूपेश सहारे की तलाश कर रही है। इस मामले में एनडीपीसी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे (गोंदिया), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी वानखेडे के मार्गदर्शन में की गई।

इस कार्रवाई में गोंदिया शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते, डी.बी. पथक के पुलिस उपनिरीक्षक अनिल डोंगरवार, सहायक उप निरीक्षक/ अक्षय चन्नावार, सिपाही कवलपालसिंग भाटिया, पोलीस हवालदार/सुदेश टेंभरे, दीपक रहांगडाले, निशिकांत लोंदासे, सतीश शेंडे, प्रमोद चव्हाण, पुलिस सिपाही दिनेश बिसेन, सुभाष सोनवाने, अशोक रहांगडाले, कुणाल बारेवार, मुकेश रावते, प्रमोद शेंडे, सोनू नागपुरे, राकेश बंजारे और अजय बोपचे आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com